
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 186 | ग्वालियर, 16 मार्च शनिवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### नीतीश कैबिनेट में 108 एजेंडों पर लगी मुहर




बिहार में आज नीतीश कैबिनेट की बैठक हुई. बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई. इसके बाद कैबिनेट में 108 एजेंडों पर मुहर लगी. सरकार ने राजगीर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू करने की मंजूरी दी. वहीं, भागलपुर एयरपोर्ट का जीर्णोंधार करने का फैसला किया. इसके अलावा सरकार ने कई अहम परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है. राज्य में कई अटके प्रोजेक्टों को भी सरकार ने स्वीकृति दे दी है. बता दें कि 27 फरवरी को जब कैबिनेट की बैठक हुई थी उस समय बिहार विधानसभा का बजट सच चल रहा था. बजट सत्र के बाद नीतीश सरकार की यह पहली कैबिनेट की बैठक है और इस पर सब की नजर टिकी हुई थी.

### भारत को जल्द मिलेगा ये साइलेंट किलर अमेरिका से मिला प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए पत्र



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत हो रहे हैं. अमेरिका की बाइडन सरकार इसे लेकर और पहल कर रही है. इसी कड़ी में बाइडन प्रशासन ने रक्षा मंत्रालय को जनरल एटॉमिक्स से 31 एमक्यू9बी प्रीडेटर ड्रोन के अधिग्रहण के लिए स्वीकृति पत्र (एलओए) भेजा है. ये प्रीडेटर ड्रोन भारत की सैन्य ताकत में इजाफा करेंगे. जिससे भारत अपनी सीमाओं की पहले से ज्यादा निगरानी कर पाएगा और अपने समुद्री इलाकों पर भी पैनी नजर रखेगा. बता दें कि अमेरिका ने इस सप्ताह भारत को करीब 4 अरब डॉलर के अधिग्रहण के लिए एलओए भेजा है. वाशिंगटन और दिल्ली स्थित अधिकारियों के मुताबिक, ड्रोन निर्माता के साथ अमेरिका द्वारा 31 सशस्त्र ड्रोनों की तय कीमत के साथ अंतिम एलओए, 11 मार्च को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था. उन्होंने उन रिपोर्टों का भी खंडन किया जिसमें कहा गया था कि बाइडेन प्रशासन ने भारत के साथ इन ड्रोन की खरीद का सौदा रोक दिया था. बता दें कि अमेरिका के विदेश विभाग की ओर से पिछले महीने एक तारीख यानी 1

## सीएए भारत का आंतरिक मामला

# अमेरिका को भारत का करारा जवाब

**नई दिल्ली।** भारत में नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के साथ ही देश में उसका मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है. कुछ हिस्सों में जहां सीएए को लेकर जश्न का माहौल है तो कई राज्यों में इस कानून का विरोध हो रहा है. भारत में सीएए को लेकर दुनिया के कई देशों से भी तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. इस क्रम में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत में नागरिकता संशोधन कानून लागू करने को लेकर आपत्ति जताई है. अमेरिका ने कहा है कि इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है. वहीं, सीएए को लेकर अमेरिका की आपत्ति का भारत ने पुरजोर विरोध किया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीएए न केवल राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, बल्कि मानवीय गरिमा भी प्रदान करता है.



### अल्पसंख्यकों को लेकर कोई भेदभाव नहीं

अमेरिका विदेश विभाग को दिए अपने जवाब में भारत ने कहा कि सीएए अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के लिहाज से पूरी तरह भारत का आंतरिक मामला है. नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता छीनने वाला नहीं बल्कि नागरिकता देने वाला कानून है. सीएए को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान को गलत, अनुचित और बेतुका बताया है. विदेश विभाग के अनुसार भारतीय संविधान देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है. ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ किसी भी स्तर पर भेदभाव का कोई आधार नहीं है.

### अमेरिकी आलोचना का किया खारिज

भारतीय विदेश मंत्रालय ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ आलोचना को सिरे से खारिज किया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि मानवीय आधार पर संकट में फंसे लोगों की मदद को वोट बैंक की सियासत से जोड़ना किसी भी स्थिति में ठीक नहीं है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने बयान में कहा था कि हम 11 मार्च से सीएए की आधिसूचना को लेकर चिंतित है. नागरिकता संशोधन कानू यानी सीएए को लेकर केंद्र सरकार ने 11 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी है. इसके साथ ही सीएएकानून देशभर में लागू हो गया है. सीएए कानून भारतीय संसद से 2019 में पारित हो गया था. लेकिन पहले विरोध प्रदर्शन और फिर कोरोना संक्रमण के चलते सीएए को लागू नहीं किया जा सका था. ष्ट का मकसद तीन देशों (बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान) में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार ऐसे लोगों को भारत की नागरिकता देना है, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आ गए हों. ष्ट कानून में इन देशों से आए गैर मुस्लिम (हिंदू, सिख, जैन, पारसी और ईसाई) शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है.

## भूटान के प्रधानमंत्री ने जमकर की भारत की तारीफ,पीएम मोदी को दिया थिंपू आने का न्यौता

**नई दिल्ली।** भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने भारत की जमकर तारीफ की और पीएम मोदी को भूटान आने का न्योता भी दिया. जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वीकार कर लिया. न्योता स्वीकार करने के बाद माना जा रहा है कि पीएम मोदी अगले हफ्ते थिंपू जा सकते हैं. भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की भूटान के विकास में भारत की भूमिका की सराहना की है. बता दें कि तोब्गे गुरुवार को पीएम मोदी के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात करने पहुंचे थे. पीएम मोदी के आवास पर दोनों नेताओं के बीच बुनियादे ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता हुई. इसके बाद विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि, ÷पीएम मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है. विदेश मंत्रालय ने बयान में आगे कहा कि, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे ने भूटान के विकास में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की. इसके साथ ही भूटान के प्रधानमंत्री तोब्गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले हफ्ते भूटान आने का निमंत्रण दिया. जिसे पीएम मोदी ने स्वीकार कर लिया है.

## दिल्ली सीएम केजरीवाल 16 को होंगे अदालत में पेश

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका दिया है. सेशन जज राकेश सयाल ने श्वष्ठ की शिकायत पर ष्टस्रूकी कोर्ट द्वारा केजरीवाल को जारी समन पर रोक लगाने से किया इनकार कर दिया है. इसके बाद अब कल यानि 16 मार्च को दिल्ली सीएम को एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट में पेश होना होगा. बता दें कि, केजरीवाल के वकीलों ने जारी समन को चुनौती देते हुए, व्यक्तिगत तौर पर पेश न होने के लिए छूट मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर खारिज कर दिया है. साथ ही कहा है कि, सीएम केजरीवाल पेशी से व्यक्तिगत छूट के लिए ट्रायल कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं. ौरतलब है कि, अदालत ने आज कथित घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर दो शिकायतों पर निचली अदालत के समन को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था.



गुरुवार को, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल ने पहले आदेश पर अरविंद केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं, जिसके द्वारा एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 7 फरवरी को राजनेता को 17 फरवरी के लिए तलब किया था.



## दतिया कलेक्टर संदीप मानिक ने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की सुनी समस्याएं



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

आज 5 मार्च 2024/राज्य शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम आज कलेक्टर श्री संदीप मकिन की उपस्थिति में न्यू कलेक्ट्रेट दतिया के सभा कक्ष में शुरू हुई कलेक्टर श्री संदीप माकिन ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये लोगों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुएअधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

## बांकुड़ा जिले में पुलिस एवं केंद्र सुरक्षा बल का रूट मार्च

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





बांकूड़ा।शांतिपूर्ण चुनाव के उद्देश्य से बांकूड़ा जिला पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के साथ जिले भर में रूट मार्च कर रही है.जिले के थाने की पुलिस घर-घर जाकर मतदाताओं से बात कर रही है,मतदाताओं को आश्वस्त किया जा रहा है. आपराधिक संदिग्ध गतिविधि पे भी क्षेत्र मे निगरानी की जा रही है। जगह-जगह पर पुलिस का विशेष नाका चेकिंग चलाया जा रहा है इसके अलावा भी क्षेत्र में पुलिस ग्रस्त बढ़ा दी गई है । बांकुड़ा जिले में जिला पुलिस एवं केंद्र बेल के संयुक्त तत्वाधान में रूट मार्च किया गया 7 जिले के सालतोड़ा बांकूड़ा विष्णुपुर शिमलापाल आदि थाना क्षेत्र में पुलिस का रूट मार्च किया गया। जवानों द्वारा घर-घर जाकर लोगों से बात किया गया। बांकुड़ा जिला पुलिस का एक ही उद्देश्य है कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए पुलिस की ओर से क्षेत्र में लगातार रूट मार्च की जा रही है।

## नॉर्दर्न एच आर फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एस आर एफ जेके टायर फाइनल में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**





मालनपुर उद्योग क्षेत्र सूर्या रोशनी सी जी पावर एवं विक्रांत यूनिवर्सिटी में मैदानो खेले जा रहा है ञ्20 टूर्नामेंट में आज खेले गए सेमी फाइनल मुकाबले में एस आर एफ पहले बैटिंग करते हुए गोदरेज को 108 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में गोदरेज को 102 रनो पर ऑल आउट हो गई सनी फायनल के मैच का रोमांस आखरी बॉल तक बना रहा आखिरी ओवर में जाकर एस आर एफ ने 7 रनो से मैच जीत लिया दूसरा सेमीफाइनल सीजी पावर के मैदान में खेला गया जिसमें कैडबरी (मोंटेलेज) जी के टायर के मध्य हुआ जिसमें जीके टायर ने कैडबरी को 7 विकेट से हराया कैडबरी ने पहले बैटिंग करते हुए 125 रनों का लक्ष्य दिया इसके जवाब में देकर टायर ने मात्र 14 ओवर में ही तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया फाइनल मुकाबला जी के टायर एवं सर्फ के मध्य विक्रांत यूनिवर्सिटी ग्वालियर के मैदान में खेला जाएगा सेमी फाइनल मुकाबले में उपस्थित रहे मुकुल चतुर्वेदी, संजय सिंह कुशवाह, जगबीर सिंह राठौड़, राकेश तिवारी, योगेश चौहान, आनंद शर्मा, हामिद अली,अमित बहल, मुकुल राय, धीरज रिछारिया, सत्येंद्र सिंह पवैया, जितेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक प्रतिनिधि परमाल सिंह तोमर, मालनपुर पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह कुशवाह आदि तीन दर्जन से ज्यादा दर्शक उपस्थित रहे।

# गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर मालनपुर में आई टी एम कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर





**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता ग्वालियर**

मालनपुर। विद्यार्थियों के समक्ष ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने नमस्ते संस्कृति का विषय को स्पष्ट करते हुए बताया कहा कि हाय हेलो छोड़ें और नमस्कार करें,करोगे नमस्ते तो रहोगे सदा हंसते नमस्कार करने की संस्कृति हमें अपने भारत देश की पहचान को गौरवान्वित करती है इसलिए हमें नतमस्तक होकर हाथ जोड़कर दिल से सामने वाले का नमस्कार करके अभिवादन करना चाहिए इससे मनोरोग भी दूर होते हैं और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है तथा संबंध भी मधुर बने रहते हैं द्य इस प्रकार हमें अपनी हर संस्कृति को अपना कर अपने भारत देश का नाम वाला करना ही है द्य शांति दूत बनकर हमें पूरे विश्व में शांति स्थापना करना ही है द्य इस शिविर में आईटीएम कॉलेज के वाइस चांसलर डॉक्टर योगेश उपाध्याय जी पधारे उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता सहनशीलता तथा जीवन में अच्छे लक्ष्य लेकर सफलता के शिखर पर चढ़ने के लिए बहुत सारे टिप्स दिए और बताया अपने जीवन को व्यर्थ नहीं जाने देना है द्य राष्ट्रहित के लिए जो भी संभव हो पूरा सहयोग करना ही मानव जीवन का लक्ष्य है द्य विद्यार्थियों को शांति का संदेश देते हुए ब्रह्मा कुमार सहदेव भाई ने विद्यार्थियों से अपील की, युवाओं को अपनी शक्ति को नकारात्मक क्षेत्र में न लगाकर शांति की शक्ति को स्थापना करने में लगे तो युवा शांति दूत बन जाएगा द्य इसी प्रकार अपने अनमोल वक्तव्य देते हुए ब्रह्मा कुमार महेश भाई ने सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में अच्छे संस्कार धारण करने पर जोर दिया और कहा हमें अपने जीवन को व्यसन मुक्त बनाना है, तनाव मुक्त बनाना है तथा क्रोध मुक्त भी बनाना है तभी हम अपने घर परिवार को समाज को पूरे राष्ट्र को राम राज्य बना पाएंगे द्य इसी कड़ी में ब्रह्मा कुमार निलेश भाई जो झांसी से विद्यार्थियों के बीच उपस्थित थे उन्होंने सभी को बताया भागम भाग की जिंदगी में कहीं ना कहीं हमारे अंदर से नियंत्रित करने की शक्ति खत्म होती जा रही है और जब तक हम कंट्रोलिंग पावर को लेकर नहीं आएंगे, तब तक हम अपनी बुराइयों से मुक्त नहीं हो पाएंगे द्य इसीलिए हम अपनी हर इच्छाओं को पूरा करते हुए नियंत्रित करने की शक्ति को भी साथ रखें द्य जिससे हमसे कुछ गलत ना हो पाए और हम सफलता की ओर अग्रसर हो द्य जीवन में सफलता सभी चाहते हैं उसके लिए हमें नियंत्रित करने की विशेषता को धारण करना ही है द्य इसी प्रकार ब्रह्मा कुमार सतनाम भाई ने भी सभी विद्यार्थियों को संतुष्टता की चाबी दी और कहा आप कितने भी बड़ी मंजिल को प्राप्त कर ले, लेकिन जब तक संतुष्टता की चाबी जीवन में नहीं है, तो खालीपन ही महसूस होगा द्य इसीलिए कुछ भी करें, अच्छा लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े द्य साथ ही साथ संतुष्ट को अपना कर खुशियों से अपना जीवन भरपूर करें द्य ब्रह्माकुमारी अर्चना बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया द्य आए हुए सभी युवाओं का मन परमात्मा से जोड़ा तथा सकारात्मक चिंतन देकर सभी को आने वाले भविष्य की चिताओं से मुक्त किया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूजा बहन, सृष्टि बहन, खुशबू बहन, लता बहन, प्रसाद भाई, अनूप भाई, महेश भाई आदि सभी उपस्थित थे। इस शिविर का भली भांति मार्गदर्शन करने वाले नरेंद्र वर्मा जी एवं प्रियांशु मैडम प्रियंका मैडम उपस्थित थी द्य जो प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक सभी विद्यार्थियों को सुबह से लेकर रात्रि तक विधिवत दिनचर्या को अपना कर सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने भी सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

## महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली ~ राजस्थान के ब्यावर जिले में जैतारण तहसील के निंबोल ग्राम में माली सैनी समाज सांखला परिवार सांखला की ओर से महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 8 मार्च शुक्रवार को संपन्न हुई और 6 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई और 7 मार्च को हवन यज्ञ किया गया और रात्रि में भजन संध्या हुई। और भजन संध्या में बोलियां चढ़ावा लिया गया। भजन प्रस्तुति गायक कलाकार रामनिवास माली एवं अशोक रोहिणी ने अपनी भजन प्रस्तुति दी और पूरी रात्रि में श्रद्धालु झूम उठे और प्राण प्रतिष्ठा में सांखला भाइपा ने बढ़ चढ़कर बोलियां और चढ़ावा लिया। चढ़ावे के लाभार्थी महादेवजी मूर्ति स्थापना युवराज गोविंद सांखला, शिवलिंग



स्थापना ओमप्रकाश सांखला, हनुमान मूर्ति स्थापना नाथूराम सांखला, नंदेश्वर स्थापना दिनेश सांखला, अमर ध्वजा ओमप्रकाश सांखला इंडा के लाभार्थी संपत गिरधारी लाल सांखला, तिलक के लाभार्थी मुकेश सांखला, भगवान के भोग के लाभार्थी लुंबाराम सांखला, महामंगल आरती अशोक सांखला, भगवान के हार के लाभार्थी छोटूलाल सांखला की ओर से और गांव से पधारे हुए सभी मेहमानों का भी सांखला परिवार की ओर से साफा द्वारा सम्मान किया गया। कार्यकर्ता रुपाराम सांखला, गोविंद लाल सांखला, मुंशीजी गोविंद सरपंच, गोविंद जोधपुर, लुंबाराम सांखला, जोगाराम सांखला, ढगलाराम सांखला, कानाराम सांखला एवं न्यू डिजिटल स्टूडियो निंबोल राकेश हर्षालिया ने भी अपनी ओर से यूट्यूब फेसबुक इंस्टाग्राम पर लाइव प्रस्तुत किया उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद और इस प्रतिष्ठा के बारे में राम प्रकाश सांखला ने बेंगलोर से आप सभी का बहुत-बहुत आभार जताया ।







## लहार के नवनियुक्त थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने किया व्यापारियों के साथ जनसंवाद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में व एसडीओपी लहार रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में पुलिस एवं जनता के बीच जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन हुआ। लहार के नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि रोड पर सामान ना रखें आने जाने वाले ग्राहकों की गाड़ियों को व्यवस्थित खड़ा कराकर यातायात व्यवस्था में सहयोग करे । श्री शर्मा ने लहार के व्यापारियों को अपना मोबाइल नंबर नोट कराया साथ ही उन्होंने किसी भी तरह की दुर्घटना या अपराध घटित होते देखने पर सूचना देने की अपील की है,श्री शर्मा ने कहा कि सतर्क रहे कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। श्री शर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि रंगदारी करता है,तो लहार पुलिस तत्काल व्यापारियों का सहयोग करेगी।

## विंध्य प्रदेश के ग्रह मंत्री के सुपौत्र ने राष्ट्रभाव के महान विचारधारा के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल होकर की गौरवपूर्ण घर वापसी

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना मैहर।** रामनगर क्षेत्र के स्वर्गीय कर्नल लाल बलवंत सिंह जी जो कि 1952 के चुनाव में जन संघ से विंध्य प्रदेश के गृह मंत्री के रूप में नेतृत्व किए थे जिनके सुपोत्र वरिष्ठ समाज सेवी जो पिछले 35 वर्षो से अपनी सेवाओं से जनता के दिलों में बसे हुए अपनी निष्ठा और समर्पण के साथ जुझारू नेता के रूप में कार्य करने वाले अपने क्षेत्र के मशहूर पूर्व सरपंच, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, एवं पूर्व जनपद सदस्य श्री धर्मेन्द्र सिंह (देवराजनगर गढ़ी) ने सांसद श्री गणेश सिंह जी के हांथो भाजपा में सदस्यता लेकर किये घर वापसी इनके समर्पण ने रामनगर के मशहूर कांग्रेस नेता के रूप में पहचान दिलाई लेकिन



अब इन्होंने भाजपा में शामिल होकर अपनी सदस्यता ली है जिससे रामनगर क्षेत्र के विकास के लिए नए दिशा संकेत मिल रहें इस कदम से रामनगर क्षेत्र की जनता के हित मे सक्रियता के साथ विकास में और भी मजबूती सक्रिय भूमिका निभाएगी जिससे जनता के हित में और अधिक उत्साह और समर्थन होगा सदस्यता ग्रहण समारोह में मैहर जिला अध्यक्ष श्री कमलेश सुहाने जी, कालिका पटेल जी एवं रामनगर तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को पत्रकार भवन बनाये जाने के लिए ज्ञापन पत्र सौपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला भिण्ड में कोई स्थायी अथवा अस्थायी तौर पर कोई पत्रकार भवन अभी तक नहीं दिया गया है,जिले के

**जिले में पत्रकार भवन का होना बहुत जरूरी है: पंकज त्रिपाठी**

पत्रकारबन्धुओ द्वारा कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक विभिन्न संगठनों के माध्यम से कई बार पिछले कई बर्षो से मांग की जाती रही है,किंतु इस सम्बंध में अभी तक सिर्फ आश्वासन के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रेस मीडियाे पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में भिंड जिले के एक दर्जन से अधिक पत्रकारबन्धुओ ने 03 अक्टूबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भोपाल में कुछ मांगो के साथ ही जिला भिण्ड में पत्रकार भवन निर्माण कराए जाने के लिए एक ज्ञापन पत्र सौपा था,जिस पर उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद इस बिषय में कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया था। किन्तु इस सम्बंध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। भिंड जिले में अल्प प्रवास पर आये मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देव?ा को प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने जिले में पत्रकार भवन निर्माण के लिए ध्यानाकर्षण ज्ञापन पत्र सौपा जिस पर श्री देवड़ा जी ने इस समस्या के शीघ्र निदान हेतु आश्वासन दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज



त्रिपाठी ने कहा कि जब तक भिंड जिले में सर्वसुविधायुक्त पत्रकार भवन निर्माण नहीं होता तब तक वह सभी पत्रकारबन्धुओ के सहयोग से संघर्ष करते रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,भारत सिंह रावत,अमरकांत सिंह चौहान, प्रमोद सिंह भदौरिया,दिनेश सोनी, संतोष सिंह,कृष्णकांत शर्मा,कपिल त्रिपाठी,अनिल दुबे,अरुण शुक्ला, सतेंद्र सिंह यादव,अजय मिश्रा,गोपाल बसेडिया,दीपेंद्र बौहरे,जितेंद्र सिंह यादव,उमाकांत शर्मा,संजीव शर्मा,मनोज कुमार श्रीवास,रोशनी आदि उपस्थित रहे।

## लहार थाना प्रभारी ने किया व्यापारी गण के साथ जनसंवाद

**महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक पुष्पांजलि टुडे**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक ड्रा असित यादव, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एसडीओपी लहार श्री रविंद्र बिलवाल के निर्देशन में हुआ जन संवाद व्यापारियों से थाना प्रभारी की अपील रोड पर सामान ना रखें आने जाने वाले ग्राहकों की गाड़ियों को व्यवस्थित खड़ा कराकर यातायात व्यवस्था में सहयोग करे व्यापारियों को कराया अपना मोबाइल नंबर नोट किसी भी तरह की दुर्घटना या अपराध घटित होते देखने पर सूचना देने की की अपील सतर्क रहे कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। कोई भी व्यक्ति यदि रंगदारी करता है तो लहार पुलिस तत्काल व्यापारियों का सहयोग करेगी...थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा

## गौपुत्र सेना सोजत ने सोजत सरकारी अस्पताल में 3 युनिट ब्लड की करवायी व्यवस्था

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

सोजत- सरकारी असपताल से एडमिट 3 महीला को खुन की आवश्यकता थी सुचना मिलने पर गौपुत्र सेना जवान मोके पर पहुचे सरकारी हॉस्पिटल मे डिलेवरी केस, कमजोरी केस मे 3 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होने पर तीन अलग अलग केस मे रक्तवीरों से सप्रक कर रक्तदान करवाया मनोहर पाल?िया,राजीव राव, महावीर प्रसाद जी मेवा?ा ने तुरंत आकर अपना रक़्त दान दिया एक मानवता का परिचय दिया। व्यवस्था मे सहयोगी -गौपुत्र सेना पाली जिला प्रभारी दिनेश मेवाडा, जिला उपाध्यक्ष रवी मेवाडा, चंद्रप्रकाश तवर, प्रकाश राठौड़ , गौपुत्र सेना सोजत ब्लड बैक स्टाप का सराहनीय योगदान रहा गौपुत्र सेना सोजत सन 2015 से गौसेवा रक़्त दान मानव सेवा निस्वार्थ भाव कर रही है जब भी आपतकालीन स्थती मे जरूरतमंद को मदद की आवश्यकता होती वहा सेवा प्रदान करती हे।



# कलेक्टर ने गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए एसडीएम को दी जिम्मेदारी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** जिले में निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति के साथ-साथ खण्ड स्तरीय समितियाँ गठित की गई हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एसडीएम की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय समिति को विकासखण्डवार गेंहू उपार्जन की निगरानी की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार हुजूर तहसील में एसडीएम वैशाली जैन की अध्यक्षता में गठित समिति खरीदी केन्द्र बांसा, कछवा, दादर, बेला, डिहिया, धौचट, नौबस्ता, गोविंदगढ़ चोरहटा, बनकुइयाँ, सुमेदा में निगरानी करेगी। रायपुर कर्चुलियान में एसडीएम प्रभाशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। इसके द्वारा जोगिनहाई, भुण्डहा, अनंतपुर, पहाड़ी, पडरिया, गुड, महसांव, हरिहरपुर, महसुआ में स्थित खरीदी केन्द्रों की निगरानी करेंगे। जारी आदेश के अनुसार सिरमौर में एसडीएम आरके सिन्हा की अगुआई में समिति गठित की गई है। इसके द्वारा हिनौता, हर्दी, गोदहा, शाहपुर, सेमरिया, सौर, सांव, पुरवा, सिरमौर, पाली, उमरी, खपटिहा, क्योटी, फूल तथा लालगांव में निगरानी की जाएगी। एसडीएम नईगडी बीके पाण्डेय की अध्यक्षता में गठित समिति ग्राम भिटवा, महेवा तथा रामपुर में बनाए गए खरीदी केन्द्रों की निगरानी करेगी। एसडीएम त्योंथर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में गठित समिति खरीदी केन्द्र अतरैला, लाद, डीह, महेवा, कांकर, मटियारी तथा बघेडी की निगरानी करेगी। एसडीएम जवा पीयूष भट्ट की अध्यक्षता में गठित समिति डभौरा के खरीदी केन्द्रों एवं एसडीएम मनगवां प्रभाशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में गठित समिति दुबगवां, मनगवां तथा गंगेव के खरीदी केन्द्रों की निगरानी करेगी। एसडीएम हनुमना राजेश कुमार मेहता की अध्यक्षता में गठित समिति खरीदी केन्द्र हनुमना, देवरा, लोडी एवं एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय की अध्यक्षता में गठित समिति नौडिया, सीतापुर एवं घुरेहटा के खरीदी केन्द्रों की निगरानी करेगी। कलेक्टर ने सभी समितियों को 17 मार्च तक खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक 18168 लोगों ने कराई नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

जिले भर में 9 मार्च से 22 मार्च तक निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य जाँच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिकों में असंचारी रोगों की जाँच के लिए सेम्पल लिए जा रहे हैं। जाँच के बाद 48 घंटे की समय सीमा में जाँच कराने वाले के मोबाइल नम्बर पर जाँच रिपोर्ट भेजी जा रही हैं। अभियान के तहत 18 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की जा रही है। अब तक 18168 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की जा चुकी है। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जाँच के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं के तहत मोबाइल टीमों द्वारा भी प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20 महिला तथा 20 पुरूषों की स्वास्थ्य जाँच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। जिले में 15 मार्च तक विकासखण्ड गंगेव में 2619, त्योंथर में 1958, सिरमौर में 1719, गोविंदगढ़में 2371, नईग?ी में 1643 व्यक्तियों की स्वास्थ्य की जाँच की जा चुकी है। रीवा नगर निगम क्षेत्र में 1472, मऊगंज विकासखण्ड में 1351, जवा में 1868, हनुमना विकासखण्ड में 1631 तथा रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में 1536 व्यक्तियों की जाँच की गई है। शिविर में लिए गए नमूनों की जाँच शासन द्वारा अनुबंधित कंपनी द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं में की जा रही है। डॉ शुक्ला ने आमजनता से निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच अभियान में अपने स्वास्थ्य की जाँच कराने की अपील की है।

# व्यय लेखा निगरानी दल तथा फलाइंग स्काड को दिया गया प्रशिक्षण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**

।लोकसभा चुनाव में तैनात होने वाले व्यय लेखा दल, फ्लाइंग स्क्वाड, स्थैतिक निगरानी दल तथा वीवीटी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य है। आप सबको सौंपे गए कार्य के अनुसार विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करके उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। फ्लाइंग स्क्वाड टीम को किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही करनी होती है। सी विजिल एप से शिकायत दर्ज होने पर पाँच मिनट में आपके मोबाइल पर इसकी सूचना आ जाएगी। फ्लाइंग स्क्वाड को 15 मिनट में निर्धारित स्थल में पहुंचकर जाँच करके 30 मिनट में प्रतिवेदन दर्ज करना है। फ्लाइंग स्क्वाड सतर्कता और तत्परता से अपना कार्य करे।

कलेक्टर ने कहा कि व्यय लेखा दल के सभी सदस्य सभी पंजियों और सभी निर्देशों का अध्ययन कर लें। पूरी सावधानी के साथ चुनाव खर्च संधारित करें। हम उम्मीदवारों को चुनाव ल?ने के लिए स्वस्थ और निष्पक्ष वातावरण देंगे। मास्टर ट्रेनर तथा नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ अमरजीत सिंह एवं मास्टर ट्रेनर एचजीआर त्रिपाठी ने बिन्दुवार प्रशिक्षण दिया। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव खर्च की निगरानी महत्वपूर्ण भाग है। आयोग द्वारा उम्मीदवार के लिए 40 लाख रुपए अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। उम्मीदवार निर्धारित गतिविधियों तथा प्रचार सामग्री में ही इन्हें व्यय कर सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह का व्यय अवैधानिक होगा। प्रत्येक उम्मीदवार को मतगणना समाप्त होने के 30 दिनों के भीतर चुनाव खर्च का पूरा विवरण देना अनिवार्य है। चुनाव खर्च की निगरानी के लिए जिला स्तर तथा विधानसभा स्तर पर दल तैनात रहेंगे। डॉ सिंह ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि एफएसटी, एसएसटी तथा जिला एवं विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम एक-दूसरे से लगातार संपर्क में रहकर समस्त कार्यवाहियाँ सुनिश्चित करेंगे। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन, अवैध रूप से धनराशि व्यय करने, मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए अनुचित साधनों के उपयोग आदि से जु?ी शिकायतें मिलेंगी। इनमें कार्यवाही करने के लिए विभिन्न अधिनियमों के तहत प्रावधान किया गया है। उसके अनुरूप कार्यवाही करें। प्रत्येक शिकायत पर 24 घंटे की समय सीमा में प्रतिवेदन देना आवश्यक होगा। सी विजिल एप से प्राप्त शिकायतों पर सौ मिनट की समय सीमा में कार्यवाही करना आवश्यक होगा। एफएसटी, एसएसटी तथा व्यय लेखा दल के सदस्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का प्रतिदिन अवलोकन करके नवीनतम निर्देश अवश्य प्राप्त करें। वीवीटी दल के सदस्यों को निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं के वीडियो बनाने के लिए तैनात किया गया है। वीडियो में पूरा विवरण रिकार्ड होना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग के विभिन्न निर्देशों, व्यय लेखा संधारण, शिकायतों के निराकरण तथा रिटर्निंग आफीसर की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी शिकायत जीवेन्द्र सिंह ने सी विजिल एप के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, संयुक्त संचालक कोष आरके प्रजापति तथा व्यय लेखा निगरानी दल के सदस्य उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग ने दिए निर्देश

**.रीवा(पुष्पांजली टुडे )** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष श्री एसके श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि उपभोक्ताओं का कई स्तर पर शोषण होता है। निर्धारित दर से अधिक राशि पर वस्तुएं दी जाती हैं। सामग्री क्रय पर पक्की रसीद नहीं दी जाती। नकली खाद, बीज, दवाएं और सभी तरह की सामग्रियों में मिलावट भी उपभोक्ता का शोषण ही है। प्रत्येक उपभोक्ता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। शासन ने कई नियम बनाए हुए हैं। जानकारी के अभाव में उपभोक्ता परेशान होते हैं। उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए उपभोक्ता फोरम लगातार कार्य कर रहा है। सामान्य से आवेदन पर प्रकरण दर्ज उपभोक्ता को उचित सेवा और क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का प्रयास किया जाता है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि अब ई फाईलिंग के माध्यम से घर बैठे उपभोक्ता




ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ई दाखिला पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत तथा उससे जु? अभिलेख ऑनलाइन दर्ज करें। फोरम उसका संज्ञान लेकर समुचित कार्यवाही करेगा। इसके लिए उपभोक्ता का फोन नम्बर तथा ई मेल दर्ज करना आवश्यक है। प्रकरण में किसी तरह की कमी रहने पर आवेदक से संपर्क करके आवश्यक दस्तावेज दर्ज कराए जाते हैं। उपभोक्ता आयोग के सदस्य श्री सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि हर व्यक्ति उपभोक्ता है। उसे जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न सेवाओं और वस्तुओं का उपभोग करना प?ता है। उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए सेवा और वस्तुएं प्रदान करने वालों को भी कई निर्देश दिए गए हैं। जागरूक रहकर ही इनका पालन कराया जा सकता है। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण से जु? विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी आशुतोष तिवारी तथा जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य श्रीमती कंचन अवधिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव, श्री देवेन्द्र सिंह, श्री आनंद मिश्रा, श्री शिवकुमार तिवारी तथा आमजन उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में शिविर का आयोजन संपन्न



**रीवा(पुसुपंजलि टुडे)**

।के न्द्रीय जेल रीवा में संत हिरदाराम योगा एण्ड नेचर क्योर हॉस्पिटल भोपाल के तत्वाधान में प्राकृतिक उपचार एवं योग से शरीर शुद्धि और स्वास्थ्य रक्षा के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कब्ज निवारण विशेषज्ञ डॉ. रमेश देवानी द्वारा पेट की सफाई, कब्ज निवारक औषधि तथा प्राकृतिक उपचार एवं योग से रोगों का निदान कर शरीर शुद्धि एवं स्वास्थ्य रक्षा के लिए सभी बंदियों एवं अधिकारी तथा कर्मचारियों को जागरूक किया। डॉ. देवानी द्वारा बताया गया कि बिना पका हुआ भोजन, निर्जल लघु उपवास, गहरी निद्रा एवं घी, तेल, मिठाई इत्यादि का त्याग कर अपनी स्वास्थ्य रक्षा करना चाहिए। प्रशिक्षकों द्वारा योग, प्राणायाम अपक्व आहार, व्यायाम के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लेने के तरीके एवं नियमित दिनचर्या से कई रोगों का निदान आदि के संबंध में जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा बंदियों को योग, व्यायाम के साथ स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# उत्कर्ष प्रदर्शनी का हुआ समापन



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा है कि आत्मनिर्भर राष्ट्र युवाओं को आगे ब?ने का मार्ग प्रशस्ति करेगा। हमारा देश हर क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है और शीघ्र ही विश्व गुरू बनने का लक्ष्य प्राप्त करेगा। श्री मिश्रा ने रीवा में उत्कर्ष प्रदर्शनी का समापन किया। गत तीन दिनों से आयोजित प्रदर्शनी के समापन अवसर पर सांसद श्री मिश्र ने कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के उपक्रमों, विभागों सहित अनेक हितग्राहियों के उत्पादों का प्रस्तुतीकरण लोगों के लिये आकर्षण का केन्द्र रहा। शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों में स्पष्ट दिखा कि हमारा देश प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास की ओर अग्रसर है। आकाश में हम अपनी तकनीक का परचम फहरा रहे हैं तो रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी उपकरण हमारी पहचान बन रहे हैं। परंपरागत खेती के साथ आत्मनिर्भर आधुनिक तकनीक से कृषि उत्पादन में हम अग्रणी स्थान पर खड़े हैं। श्री मिश्र ने कहा कि अधोसंरचना



निर्माण के कार्यों के साथ हम 2047 तक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर गरीबी मुक्त भारत का निर्माण कर पाने का संकल्प पूरा कर लेंगे। .उत्कर्ष प्रदर्शनी में किसानों, युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सांसद ने प्राचार्य शा. कन्या महा. वि. श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्री गोपाल जी त्रिपाठी, योगेन्द्र शुक्ला, रीना धाड़ोतकर, निशा पाण्डेय, ब्राह्मनंद त्रिपाठी, रवि त्रिपाठी सैनिक स्कूल, राजेन्द्र त्रिपाठी, संजीव शुक्ला को सम्मानित किया गया। सहित प्रदर्शनी में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केन्द्रीय जल आयोग, भारत संचार निगम लिमिटेड, पर्यटन मंत्रालय, ओडिशा बांस, कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा, केंद्रीय भंडारण निगम, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नाबार्ड, अमूल, डाक विभाग, कृषि बीमा, विकास आयुक्त हस्तशिल्प, मध्यप्रदेश पर्यटन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने अपने स्टाल लगाये।

# थाना गढ पुलिस नें पकडी 20 लाख रुपए कीमती 2380 पैंधे मादक पदार्थ अफीम की खेती दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यूरो रीवा (पुष्पांजलि टुडे)।**

पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक कुमार लाल तथा एसडीओपी मनगंवा डाँ के. एस. व्दिवेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़ निरीक्षक विकास कपीस नें अपने स्टाप के साथ मुखबिर सूचना पर ग्राम करहिया में अफीम की खेती पकडी । दिनांक 15.03.2024 को थाना प्रभारी गढ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति के द्वारा गेहूं एवं प्याज की खेती के बीच में कुछ पौधे लगाए है जो देखनें में अफीम की तरह प्रतीत हो रहे है। उक्त सूचना की तस्दीक कर थाना प्रभारी गढ मय स्टाप के मुखबिर के बताए स्थान ग्राम करहिया थाना गढ पर दबिस दी गई जहां आरोपियों के द्वारा गेहूं एवं लहसुन की खेती के मध्य मादक पदार्थ अफीम की फसल लगाई गई थी, जो कुल 2380 पौधे अफीम के डोडा सहित जिसका कुल वजन 100 किलोग्राम कीमती लगभग 20 लाख रूपए पाया गया समक्ष गवाहान विधिवत जप्त कर एनडीपीएस की धारा 8 एवं 18 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई।



नाम पता आरोपी 1 कमलेश पिता केदार लोनिया का उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम करहीया थाना गढ़ 1

2- रमेश पिता केदार लोनिया उम्र 50 वर्ष दोनों निवासी ग्राम करहीया थाना गढ़ ।

सराहनीय भूमिका निरीक्षक विकास कपीस थाना प्रभारी गढ, उनि आर. बी. सिंह, एवं थाना गढ का पुलिस स्टाप ।

# दमोह एसपी होंगे शरुतकीर्ति सोमवंशी



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्यप्रदेश में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के स्थानांतरण किये जा रहे है इसी सूची में दमोह एसपी रहे सुनील तिवारी कि जगह शरुतकीर्ति सोमवंशी को दमोह कि कमान सौंप कर नयी जिम्मेदारी दी गयी है।

# नवागत कलेक्टर श्री सुरेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना जिले के नवागत कलेक्टर एवं 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री सुरेश कुमार ने आज सायं संयुक्त कार्यालय भवन पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा श्री सुरेश कुमार की कलेक्टर पद पर पहली पदस्थापना की गई है। निवर्तमान कलेक्टर हरजिंदर सिंह को पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्रालय में अपर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवागत कलेक्टर श्री कुमार विगत 3 नवम्बर 2022 से राजस्व मंडल ग्वालियर में सचिव पद पर कार्यरत थे। 27 सितम्बर 1966 को जन्मे श्री कुमार मूलतः हरियाणा निवासी हैं और एमएससी एवं एलएलबी की उपाधि प्राप्त की है। नवागत कलेक्टर ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों सहित जिले की सामान्य व भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, नवागत पन्ना एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# लोक निर्माण से लोक कल्याण सरकार का संकल्प – मंत्री श्री राकेश सिंह

लोक निर्माण मंत्री ने प्रेसवार्ता को किया संबोधि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा है कि ''लोक निर्माण से लोक कल्याण'' सरकार का संकल्प है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को संबोधित करते हुये सर्किट हाउस मुरैना पर कही। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डंडोतिया, जिला महामंत्रीचारू डंडोतिया, श्री दिलीप डंडोतिया उपस्थित थे।

मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा पोटहॉल एप बनवाया जा रहा है, जिसमें पोट हॉल की ट्रेकिंग, मॉनीटरिंग की जा सकती है। स?कों पर कहीं भी गड्डे होंगे, वहां कोई भी व्यक्ति फोटो खींचकर ट्रेकिंग एप्प पर अपलोड करेगा तो शीघ्र ही उस स?क के गड्डे को भरवाया जायेगा।

# 9 पंचायतों को दमोह नगर पालिका में जोड़ने पर पूर्व मंत्री को दिया धन्यवाद



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। शहर कि 9 पंचायतों को दमोह नगर पालिका में जुड़जाने पर ग्राम पंचायत आम चौपरा निवासी युवाओं नें पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया का पुष्प कुछ देकर धन्यवाद किया। युवाओं का कहना है विधायक के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। नगर पालिका में शामिल पंचायतों में आमचोपरा, इमलाई, मारुताल, ह्रदयपुर, पिपरिया दिगम्बर, मराहार, सिंगपुर, समन्ना, कुंअरपुर, पंचायत है। इस अवसर पर आमचौपरा निवासी युवाओं में आलोक चौबे,आशुतोष पाण्डेय,सुनील, पवन नामदेव, महिर सेन,संदीप सैनी के अलावा बडी संख्या में युवाओं कि उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रहे कान्ट्रेक्टर्स की ली बैठक

मनेन्द्रगढ़/कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्टीय जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में कान्ट्रेक्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखकर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ और प्रगतिरत है। उन्होंने बैठक में



उपस्थित सभी ठेकेदारों से कहा कि प्रगतिरत एवं स्वीकृत कार्यों को पूरा कर आगामी ग्रीष्मकाल के पहले स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, यह जनहितकारी कार्य है। इसे प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी ग्रीष्म काल में किसी को भी पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन कान्ट्रेक्टर्स एवं ठेकेदार ने कार्य शुरू नहीं किया है, वे शीघ्र शुरू कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सूचित करें।कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में कार्य करे विभागों को समन्वय की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई दिक्कत आ रही है तो फील्ड में विजिट कर कार्य को पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूरे हो गए है, वहां विद्युत कनेक्शन के लिए त्वरित कार्यवाही कर जल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी स्वीकृत कार्यों की बारी-बारी समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

# कैंसर की वजह बन सकता है गोभी मंचूरियन और कॉटन कैंडी, अब कर्नाटक में भी हुआ बैन



**हम में से कई लोगों ने बचपन में कॉटन कैंडी का लुत्फ उठाया होगा। आज भी कई लोग बड़े शौक से इसे खाते हैं। इसके अलावा कई लोगों को गोभी मंचूरियन भी काफी पसंद होता है। हालांकि हाल ही में इसके लेकर सामने आए कुछ टेस्ट में यह पता चला कि इसके नियमित सेवन से कैंसर हो सकता है जिसके बाद इसे कई राज्यों में बैन कर दिया है।**

हाल ही में कॉटन कैंडी (Cotton Candy) के हानिकारक प्रभावों को देखते हुए कर्नाटक में इसे बैन कर दिया गया है। गोवा, तमिलनाडु, पुदुचेरी और महाराष्ट्र के बाद अब कर्नाटक में भी कैंसर का कारण (Cancer Causing Foods) बनने वाले फूड कलरिंग एजेंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा तय इस किए इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर जेल होगी। अगर आप भी अक्सर अपने बच्चों को कॉटन कैंडी या फिर दोस्तों के साथ गोभी मंचूरियन (Gobi Manchurian) का लुत्फ उठाने का मन बना रहे हैं, तो इससे पहले इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जरूर जान लें।

prime article banner

दरअसल, हाल ही में हुए कुछ लैब टेस्ट में पता चला कि एक्सट्रा कलर और सॉस तैयार गोभी मंचूरियन में बड़ी मात्रा में कैंसरकारी पदार्थ पाए गए हैं। इसके नियमित सेवन से कैंसर हो सकता है। इसके अलावा कलर कॉटन कैंडी भी सेहत के लिए हानिकारक साबित हुई है। एक टेस्ट में यह सामने आया कि इन दोनों फूड आइटम्स को तैयार करने के लिए कैंसर की वजह बनने वाले एडिटिव्स रोडामाइन-बी और टार्टाजिन का इस्तेमाल किया जा रहा था।

**फूड प्रोडक्ट्स में मिले हानिकारक रंग**

इस जानकारी के सामने आने के बाद कर्नाटक स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने इस्तेमाल किए गए एडिटिव्स की क्वालिटी का परीक्षण करने के लिए किनारे मौजूद विभिन्न भोजनालयों और होटलों से इन फूड आइटम्स के लगभग 171 नमूने एकत्र किए, जिसके निष्कर्ष में पाया गया कि इन व्यंजनों में लगभग 107 असुरक्षित आर्टिफिशियल रंग पाए गए, जो चिंताजनक है। इस निष्कर्ष के सामने आते ही तुरंत प्रतिबंध लगाने के लिए कार्रवाई की गई।

**रोडामाइन-बी क्या है?**

रोडामाइन-बी एक हानिकारक केमिकल कलरिंग एजेंट है, जिसका व्यापक रूप से कपड़ा रंगाई और कागज उद्योग में उपयोग किया जाता है। यह केमिकल अपने हरे रंग के लिए जाना जाता है। तरल पदार्थों के संपर्क में आने पर, इसमें परिवर्तन होता है और यह अपने मूल रंग से गुलाबी या लाल रंग में बदल जाता है।

यह केमिकल गोभी मंचूरियन या कॉटन कैंडी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया जाता है। एक कार्सिनोजेनिक एजेंट के रूप प्रचलित रोडामाइन-बी के नियमित सेवन से कैंसर का संभावित खतरा होता है।

**क्या है टार्ट्राजिन?**

टार्टाजिन को दूसरा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला फूड कलरिंग एजेंट माना जाता है। कोल्ड ड्रिंक्स, बेक्ड फूड आइटम्स, जिलेटिन बेस्ड प्रोडक्ट्स, अचार और समेत विभिन्न फूड आइटम्स में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। इस चमकीले पीले रंग को अक्सर फूड आइटम्स को एक नारंगी या गहरा पीला रंग देने के लिए उपयोग किया जाता है।

कर्नाटक से पहले पुडुचेरी और तमिलनाडु की सरकारों ने भी कलर कॉटन कैंडी के उत्पादन में रोडामाइन-बी पाए जाने के बाद इसे बनाने और बेचने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। इसके अलावा उत्तरी गोवा की मापुसा नगर परिषद भी सड़क के किनारे स्टॉल पर मिलने वाले गोबी मंचूरियन की बिक्री बैन लगा चुकी है।

# "चार सौ पार" के डरावने सपने

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है।

जैसा कि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, अपने लोकसभा सदस्य, अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक से भाजपा के वरिष्ठ सांसद, हेगड़े ने एक सार्वजनिक सभा में 2024 के आम चुनाव के भाजपा के नारे, %%अब की बार चार सौ पार का खुलासा करते हुए बताया था कि इसका मकसद, संविधान में तब्दीली का रास्ता बनाना है। अपने सांप्रदायिक बयानों से बहुत बार विवाद खड़े करने वाले भाजपा सांसद ने यह तो नहीं बताया कि इसके पीछे संविधान में ठीक-ठीक क्या बदलाव करने का लक्ष्य है। फिर भी खबरों के अनुसार उन्होंने इसका इशारा जरूर दे दिया कि ये बदलाव हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता के तकाजों को पूरा करने वाले होंगे और यह भी कि निशाने पर संविधान की उद्देश्यिका होगी। उनका कहना था कि अतीत में कांग्रेस की सरकार ने संविधान में ऐसे अनावश्यक प्रावधान जोड़े थे जो हिंदू समुदाय को दबाने वाले प्रावधान हैं। इन्हें ही हटाने के लिए भाजपा को चार सौ पार चाहिए! यह समझना मुश्किल नहीं है कि भाजपा सांसद का निशाना संविधान की उद्देश्यिका में जोड़े गए धर्मनिरपेक्षत के सिद्धांत पर था।

बेशक, भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनके निजी विचार कहकर, अपना पल्ला झाड़ लिया है। इतना ही नहीं, चुनाव के मौसम में, संविधान बदलने की नीयत और इरादों पर उठ सकने वाले विवाद से बचने की कोशिश में, भाजपा ने अपने सांसद से उसके बयान पर %स्पष्टीकरण% भी मांग लिया है, हालांकि इस स्वांग को शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। ऐसे मामलों में भाजपा द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों का हस्र किसी से छुपा हुआ नहीं है। स्वाभाविक रूप से हेगड़े के बयान पर, विपक्ष की तीखी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। हैरानी की बात नहीं होगी कि भाजपा के पल्ला झाड़ने के स्वांग के बावजूद, मोदी की तीसरी पारी के इन मंसूबों की गूंज आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार में सुनाई दे। बहरहाल, हेगड़े के बयान के भाजपा का आधिकारिक रुख होने न होने से अलग, और यहां तक कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उसके वास्तव में ठीक-ठीक ऐसा ही करने से भी अलग, हेगड़े का यह बयान निर्विवाद रूप से यह तो दिखाता ही है कि भाजपा, लोगों के बीच क्या और कैसी अपेक्षाएं तथा उम्मीदें जगाने के जरिए, अपने चुनावी समर्थन को पुख्ता करने की कोशिश कर रही है। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का संविधान-निकाला (और जाहिर है कि देश-निकाला भी) इन अपेक्षाओं में शीर्ष पर है।

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। मोदी के दूसरे कार्यकाल में, सीएए कानून के जरिए नागरिकता की परिभाषा में धार्मिक समुदाय आधारित विभाजन के रोपे जाने से लेकर, संविधान की धारा-370 के अंत तथा जम्मू-कश्मीर के विभाजन तथा उसका दर्जा गिराए जाने के जरिए, देश के इकलौते मुस्लिम बहुल राज्य को उसके मुस्लिम बहुल होने की सजा दिए जाने और मणिपुर में बहुसंख्यकवादी राज कायम करने के लिए गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा किए जाने आदि के जरिए, व्यवहार में धर्मनिरपेक्षता का गला घोंटने के लिए बहुत तेजी से कदम उठाए गए हैं। अब उसे औपचारिक रूप देने की, संविधान में रोपने की मंशा है; बशर्ते देश और जनता ने उसे ऐसा करने दिया !बहरहाल, चार सौ पार का नारा देना और प्रायोजित भीड़ों से, जिनमें सरकारी खर्चे पर, इंटरनैट क्रिएटर्स का सम्मान करने के नाम पर जुटायी गयीं, बिकाऊ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भीड़ें भी शामिल हैं, यह नारा लगवाना तो आसान है और देसी-विदेशी कारपोरेटों की ओर से आ रही पैसे की बाढ़ के बल पर, चार सौ पारभांति-भांति के घोषित-अघोषित विज्ञापनों के जरिए आम लोगों की जुबान पर चढ़ा देना भी बहुत मुश्किल नहीं है, लेकिन इसे सच कर पाना, लगभग असंभव होने की हद तक मुश्किल है। ऐसा लगता है कि खुद मोदी एंड कंपनी को, इस सच्चाई का बखूबी अंदाजा है। इसीलिए, चुनाव के नगाड़ों की आवाज जैसे-जैसे निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे सत्ताधारी पार्टी के चुनावी प्रबंधक, जिनमें उसके शीर्ष दो भी शामिल हैं, दूसरी पार्टियों में दल-बदल कराने तथा नेताओं की खरीद



के खुदरा काम से आगे, जिसमें ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां बढ़-चढ़कर मदद कर रही हैं, पूरी की पूरी राजनीतिक पार्टियों को खरीदकर, अपने खेमे में लाने में भी जुट गए हैं।बिहार में नितीश कुमार की घर वापसी की सफलता को भी काफी नहीं समझा गया, तो उसके बाद दक्षिण में दोनों तेलुगू-भाषी राज्यों के लिए विशेष ऑपरेशन लान्च किया गया। इसके हिस्से के तौर पर आंध्र प्रदेश में भाजपा, अंततः तेलुगू देशम् को अपने मोर्चे में घर वापसी कराने में कामयाब हो गयी है और बोनस के तौर पर पवन कल्याण की जन सेना भी साथ आ गयी है। दिलचस्प यह है कि इस गठबंधन के जरिए भाजपा, केंद्रीय पार्टी और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच रिश्ते के उसी फार्मूले को एक बार फिर पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है, जिसे सत्तर-अस्सी के दशकों में केंद्र में कांग्रेस साधा करती थी। संक्षेप में इस फार्मूले का सूत्र होता था– केंद्र हमारा, राज्य तुम्हारा। अब तक आयी खबरों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में वही हो रहा है। इस राज्य में, जहां विधानसभा के चुनाव भी, लोकसभा के साथ ही होने हैं, भाजपा गठजोड़ में लोकसभा की छः सीटें हासिल करने की कोशिश कर रही है, जबकि वह विधानसभा की सिर्फ इतनी ही सीटों पर समझौता करने के लिए तैयार है। कांग्रेस से लड़ते-लड़ते भाजपा, अब कांग्रेस के एक और फार्मूले को अपनाती नजर आती है। याद रहे कि इस राज्य में, 2019 में लोकसभा और विधानसभा, दोनों में भाजपा अकेले लड़कर शून्य पर रही थी और उसे मुश्किल से एक फीसद वोट मिला था।बगल में दूसरे तेलुगू-भाषी राज्य तेलंगाना में, जहां चंद महीने पहले विधानसभाई चुनाव में कांग्रेस को प्रभावशाली जीत हासिल हुई थी और क्षेत्रीय पार्टी, टीआरएस दो कार्यकाल के बाद सत्ता से बाहर हो गयी थी, दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वियों से काफी पीछे रह गयी भाजपा, बीआरएस के साथ गुप-चुप समझौता करने के फेर में बतायी जाती है। विधानसभा के चुनाव हाल ही में हुए हैं, इसलिए खुला समझौता न तो संभव है और न उपयोगी होगा, लेकिन चूंकि टीआरएस किसी भी कीमत पर कांग्रेस से अपनी हार का बदला लेना चाहेगी, भाजपा के लिए अंडरहैन्ड लेन-देन की गुंजाइश बन जाती है। आंध्र प्रदेश के विपरीत, तेलंगाना में भाजपा 2019 में लप्पे में चार लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब हो गयी थी, लेकिन पिछले विधानसभाई चुनाव में उसका मत फीसद वहां से ठीक-ठाक नीचे आ गया था। बदले हुए राजनीतिक हालात में भाजपा को, पिछले बार की सीटें बचाने के लिए भी इन तिकड़मों की बहुत जरूरत है।

उधर, ओडिशा में मोदी और नवीन पटनायक की पार्टियों ने, अपने अनाम रिश्ते को अब और अनाम न रखकर, गठबंधन का नाम देने का फैसला कर लिया बताते हैं। पुनः ऐसा समझा जाता है कि यहां भी उसी कांग्रेसी फार्मूले का सहारा लिया जा सकता है– संसद की सीटों का बड़ा हिस्सा हमारा, विधानसभा तुम्हारी। ओडिशा में भी विधानसभा के चुनाव संसद के चुनावों के साथ ही होने हैं। पिछले चुनाव में राज्य से लोकसभा की भी सीटों का बहुमत बीजू जनता दल के पास था, भाजपा इस बार इस अनुपात को पलटवाने की उम्मीद करेगी। बदले में वह इन राज्यों में अपनी महत्वाकांक्षा कुर्बान कर रही होगी। इस सब के साथ हिमाचल के कुछ भिन्न मामले को भी जोड़ सकते हैं, जहां भाजपा की प्रत्यक्ष कृपा से अस्थिरता अब भी बनी हुई है, हालांकि कांग्रेसी सरकार को भाजपा हड़प करने की स्थिति में अब भी नजर नहीं आती है। इस सब में भाजपा को राज्य सरकार न सही, लोकसभा की चार सीटों में से कुछ न कुछ अतिरिक्त फायदा तो दिखाई दे ही रहा है। पिछली बार भाजपा चारों सीटें जीत गयी थी।

इन तमाम और ऐसी ही और भी अनेक जोड़-जुगाड़ की कोशिशों को, चार सौ पार के भरोसे का लक्षण मानने के लिए तो, बहुत ज्यादा ही भोला होने की जरूरत होगी। वास्तव में भाजपा, अपनी मोदी प्रचार की सारी आंधी के बावजूद, साधारण बहुमत से सत्ता में वापसी को लेकर भी आश्वस्त नहीं लगती है और इसीलिए, एक-एक सीट के लिए जुगाड़ बैठाए जा रहे हैं। लेकिन, इसमें हैरानी की कोई बात भी नहीं है। यह नहीं भूलना चाहिए कि 2019 के चुनाव तक, तीन आम चुनावों में लोकसभा की 199 सीटें ऐसी थीं, जिन पर भाजपा एक बार भी नहीं जीती थी।

इनमें से 107 सीटे 2019 के चुनाव में उसने अपनी सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी थीं। इस बार, सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाने वाली सीटों का आंकड़ा इससे बढ़ने ही जा रहा है। इन सीटों को ही निकाल दें तो, चार सौ पार का और भाजपा के तीन सौ सत्तर पार का नारा धड़ाम हो जाता है। इसके साथ अगर हम आम मेहनतकशों की मौजूदा भाजपा शासन से नाराजगी और दूसरी ओर विपक्ष की एकता के बढ़ते मीटर को भी जोड़ दें तो, सत्ताधारी गठजोड़ के लिए साधारण बहुमत का आंकड़ा भी बहुत दूर नजर आने लगेगा।यह नहीं भूलना चाहिए कि देश भर में कुल 167 सीटें ऐसी हैं, जो 2009 से 2019 तक के तीन आम चुनावों में, भाजपा ने दो बार जीती थीं यानी जिन पर जीत का भाजपा के भरोसा करने का वाकई आधार है।

## संपादकीय

# चुनावी बॉड्स पर बेनकाब होते मोदी

भ्रष्टाचार को हटाने के नाम पर भरपूर शोर मचाकर केन्द्र की सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी किस कदर खुद ही भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, उसके कई मामले सामने आ चुके हैं, परन्तु इलेक्टोरल बॉड्स के मामले में उसने खूब पैसे कमाये हैं- यह धीरे-धीरे सामने आ रहा है। जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वकील शीर्ष न्यायालय द्वारा पिछली सुनवाई में मांगी गयी जानकारी देने से आनाकानी कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि वह कदाचार में पूर्णतः लिप्त है।बॉड्स को असंवैधानिक करार देते हुए 15 फरवरी को शीर्ष अदालत ने निर्देश दिये थे कि एसबीआई 6 मार्च तक उन नामों को केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को सौंपे जिन्होंने इलेक्टोरल बॉड्स खरीदे थे। किस राजनैतिक दल को कितना चंदा दिया गया, यह भी उसे सार्वजनिक करना था परन्तु एक दिन पहले बैंक ने यह कहकर 30 जून का समय मांगा कि जानकारी एकत्र करने में उसे समय लगेगा। कोर्ट ने 12 मार्च तक (मंगलवार) का समय निर्वाचन आयोग को दिया था कि वह प्राप्त जानकारी को अपने वेबसाइट पर डाले ताकि मतदाताओं को फैसला लेने में आसानी हो। साफ था कि चुनाव के पहले बैंक यह जानकारी देने की मंशा नहीं रखता और यह किसके दबाव में किया जा रहा है- यह बतलाने की ज़रूरत नहीं है।उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर की जब बैंक का पक्ष रखने वाले वकील हरीश साल्वे ने कहा कि बॉड्स खरीदने वालों का मिलान करने व डिकोड करने में समय लग रहा है। इस दलील को नामंजूर करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठी 5 सदस्यीय खंडपीठ ने साफ किया कि ऐसा करने की उसे आवश्यकता नहीं है। बैंक को केवल बॉड्स खरीदने वाले 22 हजार लोगों के नाम देने हैं। चूंकि सभी खाते केवाईसी किये हुए हैं इसलिये इतना समय लगने का सवाल ही नहीं है। कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि बैंक ने उसके निर्देशों के बाद से लेकर अब तक की अवधि में इस दिशा में क्या कार्रवाई की। आखिरकार, सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया कि स्टेट बैंक मंगलवार शाम तक वांछित जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपे जो 15 मार्च तक इसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। अगर ऐसा न किया गया तो सम्बन्धित बैंक अधिकारियों पर अवमानना का मामला चलाया जायेगा।वैसे तो इस मुद्दे को लेकर मोदी सरकार का चेहरा पहले ही बेनकाब हो चुका है। कई तरह के पर्दों में इस जानकारी को छिपाये जाने की तमाम कोशिशों के बावजूद अनेक तथ्य जो सामने आये हैं उनसे साफ है कि मामला भाजपा की रिश्वतखोरी से अधिक कुछ नहीं है। 2017-18 में यह योजना मोदी सरकार लेकर आई थी।

इसके तहत मिली राशि का 90 फीसदी से अधिक भाजपा को प्राप्त हुआ है। शेष बामुश्किल 10 फीसदी ही अन्य दलों तक पहुंच पाया। चुनावी बॉड्स के तहत धन पाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भी जमकर दुरुपयोग किये जाने की बात सामने आ चुकी है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस साबित कर चुकी है कि चंदे के लिये प्रवर्तन निदेशालय, आयकर एवं सीबीआई के छापे डलवाये गये। बहुत से ऐसे व्यवसायिक उपक्रम थे जिन्होंने पहले कभी भी भाजपा को चंदा नहीं दिया था परन्तु कार्रवाइयों से बचने के लिये उन्हें भी ये बॉड्स खरीदकर भाजपा को आर्थिक मदद करनी पड़ी। कांग्रेस यह तथ्य भी सामने ला चुकी है कि किस प्रकार चंदा देने के बाद छापों से लगों को निज़ात मिली है।इसी कारण भाजपा ने इसे सूचना के अधिकार से बाहर रखा था ताकि लोग यह न जान सकें कि किस तरह से भाजपा सत्ता के बल पर धन एकत्र कर रही है। इसके खिलाफ दायर याचिकाओं में इस प्रतिबन्ध को आरटीआई एवं नागरिक अधिकारों का हनन बतलाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस पर सहमति जताते हुए कहा था कि मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि वह जिसे वोट करना चाहता है उसके पास पैसे कहां से आ रहे हैं और उसके बदले में आर्थिक मदद करने वालों को कोई पार्टी या उसकी सरकार क्या फायदा पहुंचा रही है। चूंकि किसी भी वक्त 18वीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान हो जायेगा, इसे भी ख्याल में रखते हुए सम्भवतः सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया होगा .

# नैनीताल पर मंडराता खतरा

पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही नैनी झील पर भी खतरे बताये जा रहे हैं। वर्षाकाल में आसपास की पहाड़ियों से आयी मिट्टी तथा छोटे-छोटे भूस्खलन से आये मलबे से यह उथली हो रही है एवं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वर्ष 2017 में पानी के अतिदोहन से झील में पानी का स्तर 17-18 फीट नीचे चला गया था। भूस्खलन से आये मलबे से यदि झील को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसका पानी 45 किलोमीटर दूर बसे हल्द्वानी तक बाढ़ ला सकता है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार नैनी झील से 400 मीटर दूर एक भूमिगत झील भी बन गयी है जो 200 मीटर लम्बी एवं 5 मीटर गहरी है।नैनीताल उत्तराखण्ड का एक रमणीय पर्यटन स्थल है, जो 1939 मीटर की ऊँचाई पर बसा है। यहां की नैनी झील के चारों ओर फैली पहाड़ियों के कारण यह एक कटोरेनुमा शहर है। इस सुंदर शहर की खोज कुछ अंग्रेजों ने 1839 में की थी जब वे किसी कार्य से घूमते हुए यहाँ पहुंचे थे। वर्ष 1841 में बेंटन तथा बेरन नामक दो अंग्रेजों ने इसे बसाने का कार्य प्रारंभ किया एवं 1842 में यहां 10 मकान स्थानीय सामग्री से बनाये। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित हो अंग्रेज यहां धीरे-धीरे बसने लगे एवं 1901 तक यहा की आबादी 7500 के लगभग हो गयी। वर्तमान में इसकी आबादी 80 हजार के आसपास है एवं इतने ही पर्यटक यहां गर्मी के मौसम में प्रति सप्ताह आते हैं।प्रसिद्ध भू-विज्ञानी प्रो. सीसी पंत के अनुसार नैनीताल शहर की भौगोलिक स्थिति यहां के अन्य शहरों से अलग है। शहर के बीच से गुजरने वाले एक प्रमुख %भ्रंश% (फाल्ट) के साथ छोटे-छोटे अन्य %भ्रंश% होने से यह शहर भूगर्भ के लिहाज से काफी संवेदनशील है। भूकम्प को लेकर बनाये गये %जोन 04% में यह आता है। भूगर्भीय गतिविधियों से यहां भूकम्प के झटके एवं पहाड़ियों पर भूस्खलन होता रहता है।यहां की पहाड़ियों पर भूस्खलन 1867 से ही हो रहा है। इसके बाद 1880, 1886, 1924, 1962 और 1970 में भी भूस्खलन हुए। यह भी पाया गया कि यहां 1962 के बाद भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी। कहीं यह भी उल्लेखित है कि 1880 की किसी भूकम्पीय गतिविधि से मल्लीताल झील मैदान में तब्दील हुई थी। %धारण क्षमता% (कैरींग केपेसिटी) से ज्यादा निर्माण कार्य, वन-विनाश, खनन कार्य, कमजोर जल-मल प्रणाली आदि वजहों से वर्तमान में शहर के तीनों ओर की पहाड़ियां भूस्खलन से दरक रही हैं, जिससे शहर खतरे में है।

वर्ष 1900 में जब यहां की %धारण क्षमता% जानने की मांग उठी थी तब अध्ययन के आधार पर इसे 5000 की आबादी के लायक बताया था। कई प्रकरणों में सुप्रीमकोर्ट तथा राज्य की हाईकोर्ट ने झील के चारों तरफ पहाड़ियों की कमजोर ढलानों पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने को



कहा था। कुमाऊ विश्वविद्यालय ने अपने एक अध्ययन में 2016 में बताया था कि वर्ष 2005 से 2015 के मध्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में 50 प्रतिशत निर्माण कार्य ज्यादा हुए हैं। राज्य के हाईकोर्ट ने 2017 में नागपुर के %राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान% (नीरी) को यहां की %धारण क्षमता% का फिर से अध्ययन करने हेतु कहा था।

वर्ष 2023 में मालरोड, टीफीन टॉप व व्यूपाइन्ट तथा आल्मा पहाड़ी पर हुए भूस्खलन की घटनाएं चेतावनी देती हैं कि नैनीताल भी जोशीमठ की राह पर अग्रसर है। यहां की प्रसिद्ध मालरोड पर फरवरी 23 में लंबी दरार देखी गयी थी। वर्ष 2004 एवं 2018 में लोअर मालरोड का बड़ा हिस्सा भूस्खलन के कारण टूटकर झील में समा गया था। आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के अनुसार मालरोड के क्षेत्र में भूमि के नीचे कठोर चट्टानें (हार्ड रॉक्स) नहीं होने से भूस्खलन होता रहता है। पिछले वर्ष मई माह में टीफीन टॉप तथा व्यूपाइन्ट के आसपास की पहाड़ियों पर दरारें आने से पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गयी थी।सितंबर में आल्मा पहाड़ी के दरकनें से चार मकान ढ़ह गये थे एवं इससे घबराकर स्थानीय प्रशासन ने 250 अन्य मकान तुरंत खाली करवा लिये थे। यह पहाड़ी झील के ऊपर बांयी तरफ सीधी खड़ी होने एवं नीचे से भुरभुरी होने के कारण ज्यादा संवेदनशील बताई गई है। प्रशासन के ध्यान नहीं देने से पिछले 25-30 वर्षों में यहां काफी निर्माण कार्य हुए हैं और यहां अभी 10 हजार के लगभग लोग रह रहे हैं।इस पहाड़ी पर अंग्रेजों के शासनकाल में 1880 में भारी भूस्खलन होने से 150 के लगभग लोग मारे गये थे जिनमें 42-43 अंग्रेज भी थे। भूस्खलन के 150 वर्ष पुराने इतिहास वाली बलिया नाला पहाड़ी भी दरक रही है। पिछले कुछ वर्षों से यहां भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी है जो शहर तथा झील दोनों के लिए खतरनाक है। इस पहाड़ी की तलहटी से होकर झील का अतिरिक्त पानी ज्योलीकोट की ओर जाता है। वर्ष 2018 में इस पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद यहां की कृष्णपुरा बस्ती के हजारों लोगों का सड़क से सम्पर्क टूट गया था।कुमाऊं विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार नैना-पीक की पहाड़ी पर दक्षिण-पश्चिम की तरफ 65 मीटर लम्बी 1.5 मीटर चौड़ी तथा 2.5 मीटर गहरी दरारें देखी गयी हैं। मार्च 1987 तथा जुलाई 1988 में इस पहाड़ी पर हुए भूस्खलन से 500 परिवार प्रभावित हुए थे। इस पहाड़ी पर हो रहे भूस्खलन का विस्तृत अध्ययन कर भूवैज्ञानिक डॉ. केएस वाल्दिया ने सुरक्षा हेतु छः उपाय बताये थे जिन पर कोई काम नहीं हुआ।

पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही नैनी झील पर भी खतरे बताये जा रहे हैं। वर्षाकाल में आसपास की पहाड़ियों से आयी मिट्टी तथा छोटे-छोटे भूस्खलन से आये मलबे से यह उथली हो रही है एवं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वर्ष 2017 में पानी के अतिदोहन से झील में पानी का स्तर 17-18 फीट नीचे चला गया था। भूस्खलन से आये मलबे से यदि झील को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसका पानी 45 किलोमीटर दूर बसे हल्द्वानी तक बाढ़ ला सकता है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार नैनी झील से 400 मीटर दूर एक भूमिगत झील भी बन गयी है जो 200 मीटर लम्बी एवं 5 मीटर गहरी है। इस झील में हो रही भूगर्भीय हलचल भी आसपास की पहाड़ियों को प्रभावित कर रही है। अब नैनीताल सहित अन्य पहाड़ी पर्यटन स्थानों पर उनकी धारण क्षमता के अनुसार विकास जरुरी हो गया है अन्यथा खतरे फैलते ही रहेंगे।



# दीपिका पादुकोण

## की सबसे महंगी पिक्चर में 'हनुमान' वाले एक्टर की एंट्री हो गई!



साउथ इंडस्ट्री इस साल बॉक्स ऑफिस पर भौकाल काटने वाली है. इसकी शुरुआत हो भी चुकी है. साल 2024 की शुरुआत में ही गर्दा उड़ाने वाले तेजा सज्जा ने ये बड़ा कारनामा किया है. पिक्चर 12 जनवरी को रिलीज हुई. इसके साथ साउथ के दो बड़े सुपरस्टार्स की फिल्में भी आई थी. लेकिन सबसे ज्यादा जिस पिक्चर ने दर्शकों का दिल जीता, वो है- हनुमान. पिक्चर को प्रशांत वर्मा ने डायरेक्ट किया है. अब भी हर किसी को इस पिक्चर के ओटीटी रिलीज का इंतजार है. तेजा सज्जा की परफॉर्मेंस ने हर किसी को इम्प्रेस किया है. यही वजह है कि उनके साथ कई बड़े डायरेक्टर्स काम करना चाहते हैं. अब उनका नाम 600 करोड़ के बजट वाली पिक्चर से जुड़ रहा है.

प्रभास और दीपिका पादुकोण की 'कल्कि 2898 एडी' इसी साल 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. फिल्म में प्रभास, दीपिका के अलावा अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा कई सुपरस्टार्स का कैमियो होने की खबरें सामने आई हैं. इसमें विजय देवरकोंडा, मृणाल ठाकुर, जूनियर एनटीआर, एसएस राजामौली समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं.

### प्रभास-दीपिका की सबसे महंगी पिक्चर में किसकी एंट्री ?

तेलुगु एक्टर तेजा सज्जा इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं. वो 'जय हनुमान' नहीं है. बल्कि ये एक एक्शन थ्रिलर है. जिसकी जानकारी उन्होंने खुद ही अपने फैन्स को दी थी. हालांकि, 'हनुमान' में अपने परफॉर्मेंस से तेजा सज्जा ने हर किसी का ध्यान खींचा है. ये साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई थी. जिसका बजट सिर्फ 25 करोड़ बताया जा रहा था. अब हर किसी को 'हनुमान' के सीक्वल 'जय हनुमान' का इंतजार है. अब उनकी अगली पिक्चर को लेकर भी खबरें आ रही हैं. पता लग रहा है कि, तेजा सज्जा जल्द प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' में भी दिखाई देने वाले हैं.

इन अफवाहों की शुरुआत तेजा सज्जा के एक इंटरव्यू से हुई है. जहां वो कहते दिखे थे कि, मेरे खाते में कुछ एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स हैं. मैं भी इंतजार कर रहा हूं कि, कब इसका ऐलान कर सकता हूं.

जल्द ही अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स की जानकारी दे दूंगा. हालांकि, उन्होंने इशारों-इशारों में अपनी खुशी जाहिर की है. लेकिन फिल्म का नाम नहीं बताया. इसके बाद से ही खबरें चल रही हैं कि, तेजा सज्जा प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आ सकते हैं. लेकिन अब भी हर किसी को ऑफिशियल ऐलान का इंतजार है.

# श्रेया घोषाल

## ने गाया- सुनियो जी अरज म्हारी, कल्याण जी बोले- इस बच्ची को लेकर बॉम्बे आइए



90 का दशक था. टीवी पर रियलिटी शो का वक्त शुरू हो चुका था. लेकिन आज के मुकाबले वो दौर बिल्कुल अलग था. उस दौर में हिस्सा लेने वाले नए-नए कलाकारों की गायकी में भी एक 'मैच्योरिटी' होती थी. वो तेज सरगम या झट-पट तानें गाकर जज को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करते थे. वो ऐसे गाने गाते थे जिसमें सुकून हो, गहराई हो. उन्हें जज करने वाले कलाकार भी एक से बढ़कर एक दिग्गज होते थे. ऐसे ही एक कार्यक्रम के फाइनल में छोटी सी बच्ची श्रेया घोषाल पहुंची थीं.श्रेया ने फाइनल में जो गाना गाया वो पसंद ही कमाल की थी. वो एक मुश्किल गाना था. श्रेया ने उस रोज फिल्म 'लेकिन' का गाना- 'सुनियो जी' गाया था. 1991 में रिलीज इस फिल्म में संगीत हृदयनाथ मंगेशकर का था. गाना लता जी ने गाया था. शास्त्रीय राग की जमीन पर तैयार किए गए इस गाने को गाना आसान नहीं था. कार्यक्रम के होस्ट सोनू निगम हुआ करते थे. वो खुद दिग्गज गायक थे. उस रोज जज थे- संगीतकार कल्याण जी-आनंद जी. यानी सेट पर जो भी था वो पका हुआ कलाकार था.कार्यक्रम खत्म हुआ. श्रेया का परिवार इस बात को लेकर थोड़ा चिंतित भी था कि पता नहीं लोगों को उनकी गायकी पसंद आई भी होगी या नहीं. लेकिन जल्दी ही ये चिंता दूर हो गई. क्योंकि कल्याण जी ने उसी रोज श्रेया घोषाल के पापा को कह दिया कि उन्हें इस लड़की को लेकर बॉम्बे (मुंबई) आना चाहिए. श्रेया के पापा वैसे तो इंजीनियर थे लेकिन उन्हें भी संगीत का शौक था. मां भी अच्छा गाती-गुनगुनाती थीं. उन्होंने बचपन से श्रेया को गाते-गुनगुनाते देखा भी था. वैसे भी बंगाली परिवारों में संगीत को लेकर एक स्वाभाविक दिलचस्पी होती है. बस उसी रोज श्रेया के परिवार ने बॉम्बे (मुंबई) जाने का फैसला कर लिया. बाकि बातें इतिहास में दर्ज हैं. हालांकि इस इतिहास के बनने में कल्याण जी के बाद एक और शख्सियत का बड़ा रोल रहा. वो हैं- संजय लीला भंसाली.

### श्रेया घोषाल ने खत्म की संजय लीला भंसाली की खोज

श्रेया घोषाल ने यूं तो बचपन से ही सीखना शुरू कर दिया था. लेकिन महेश चंद्र शर्मा और मुक्ता भीड़े से उन्होंने शास्त्रीय संगीत की तालीम ली. श्रेया जब मुंबई पहुंच गईं तब उन्हें रास्ता दिखाने के लिए कल्याण जी थे ही. यानी शास्त्रीय संगीत और फिल्म संगीत के संबंध, गायकी की बारीकियां उन्होंने श्रेया को बताईं. यही वो वक्त था जब संजय लीला भंसाली 'देवदास' बना रहे थे. संजय लीला भंसाली न सिर्फ संजीदा फिल्मकार हैं बल्कि उन्हें संगीत की जबरदस्त समझ है. फिल्म 'देवदास' का संगीत तैयार करने का जिम्मा उन्होंने इस्माइल दरबार को दिया था. इस जोड़ी ने 'हम दिल दे चुके सनम' में एक साथ काम किया था, जिसके संगीत की लोकप्रियता को बताने की जरूरत नहीं है. उस फिल्म के गाने अभी तक लोगों की जुबां पर हैं.

## क्या सिद्धू मूसेवाला की मां ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म? पिता ने बता दी सच्चाई



अपनी सिंगिंग से सभी का दिल जीतने वाले सिद्धू मूसेवाला भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनके चर्चे हर तरफ रहते हैं. उनके गाने आज भी फैंस सुनते हैं और अपने फेवरेट सिंगर को याद करते हैं. सिद्धू मूसेवाला भले ही इस दुनिया में अब नहीं रहे लेकिन उनके घर में फिर से खुशियां वापिस आ रही हैं. कुछ समय पहले ही ये बात सामने आई थी कि सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर प्रेग्नेंट हैं और इसके लिए उन्होंने IVF का सहारा लिया है. अब इस खबर पर ताजा अपडेट भी आ गया है जिसे लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है.दरअसल रिपोर्ट्स की मानें तो सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर अभी अस्पताल में एडमिट हैं और किसी भी वक्त वे मां बन सकती हैं. रिपोर्ट तो ये भी आ रही हैं कि सिद्धू मूसेवाला की मां ने जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया है. दरअसल सिद्धू मूसेवाला के फैनपेज पर चरण की हेल्थ को अब तरह-तरह की बातें चल रही हैं. लेकिन इसी बीच सिद्धू मूसेवाला के पिता ने इस बात की सच्चाई भी बता दी है.

### सिद्धू मूसेवाला के पिता ने क्या कहा ?

सिद्धू मूसेवाला के पिता ने सोशल मीडिया पर सभी अफवाहों पर फुलस्टॉप लगाते हुए लिखा- 'सिद्धू के फैंस का मैं शुक्रगुजार हूं जो हमारे परिवार को लेकर फिक्रमंद हैं. लेकिन हमारे परिवार को लेकर कई तरह के भ्रम भी फैलाए जा रहे हैं. ऐसी किसी भी अफवाह पर भरोसा करने की जरूरत नहीं है. जो भी खबर होगी वो हमारा परिवार खुद आपसे शेयर करेगा.'

### कैसे हुई थी सिद्धू मूसेवाला की मौत ?

सिद्धू मूसेवाला की बात करें तो सिंगर पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा थे और उनके चाहनेवाले आज भी दुनियाभर में हैं. 29 मई 2022 को सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. उन्हें सजिश के तहत गोलियों से भुन दिया गया था और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें 24 गोलियां लगी थीं. मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने ली थी. आज भी फैंस अपने फेवरेट स्टार को इंसाफ दिलाने की गुहार लगाते रहते हैं.

## अक्षय कुमार के हाथ लगी दसवीं फिल्म! अगले कुछ महीनों में बॉक्स ऑफिस पर भौकाल काटने वाले हैं



अक्षय कुमार के खाते में कई फिल्में हैं. चार तो इसी साल आने वाली हैं. तीन फिल्मों की रिलीज डेट का वो ऐलान भी कर चुके हैं. अक्षय कुमार इस वक्त 'बड़े मिया छोटे मियां' के प्रमोशन में बिजी हैं. वहीं इस साल रिलीज होने वाली पिक्चरों के अलावा उनके पास कई और बड़ी फिल्में हैं. जिसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया जा चुका है. लेकिन वो इस साल नहीं आने वाली. दरअसल अक्षय कुमार अपने सुपर फास्ट अंदाज के लिए जाने जाते हैं. एक के बाद एक कई फिल्में साइन कर लेते हैं. पहले ही वो कई कॉमेडी फिल्में कर रहे हैं. अब उनके नए प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट मिल गया है.हाल ही में पिंकविला में एक रिपोर्ट छपी है. जो अक्षय कुमार की अगली फिल्म को लेकर है. 'फुकरे' बनाने वाले डायरेक्टर मृगदीप सिंह लांबा के साथ उन्हें अपनी अगली कॉमेडी फिल्म मिल गई है.

### अक्षय कुमार के हाथ लगी एक और फिल्म!

अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग लाजवाब है. वो अपने फिल्मी करियर में कई कॉमेडी पिक्चर कर भी चुके हैं. जिसमें उनके रोल को शानदार रिस्पॉन्स मिला था. हालांकि, लेटेस्ट रिपोर्ट से पता लगा है कि, वो अच्छी कॉमेडी स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे थे. जो उन्हें मिल भी गई है. इसे लेकर वो हाल ही में मृगदीप सिंह लांबा से मिले थे. दोनों की इसपर चर्चा भी हुई. दरअसल फुकरे फ्रेंचाइजी के बाद मृगदीप सिंह लांबा एक अलग यूनिवर्स बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं. इस पिक्चर के लिए अक्षय कुमार को साइन किया गया है, वो एक आउट-एंड-आउट कॉमिक एंटरटेनकर है.ऐसा पता लगा है कि, ये पिक्चर इस साल के दूसरे हाफ में फ्लोर पर आ जाएगी. वहीं इसे अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज भी कर दिया जाएगा. अक्षय कुमार के अलावा इसमें भी कई और सुपरस्टार्स के होने की बात कही जा रही है. फिलहाल इसके लिए कास्टिंग चल रही है. इस पिक्चर की कहानी गौतम मेहरा ने लिखी है. जबकि, महावीर जैन इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं.दरअसल मृगदीप सिंह लांबा ने 'फुकरे' बनाई है. जिसके तीनों ही पार्ट को दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला था. वहीं अक्षय कुमार की बात करें तो वो इस वक्त 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग में लगे हुए हैं. इसके बाद वो 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5' समेत कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं.

# ग्राम पंचायत ना रही चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## ग्राम पंचायत नारही में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों से हो रहा है निर्माण कार्य

**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करैरा**

**शिवपुरी।** करैरा अनुविभव के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारही मे सरपंच राजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सचिव प्रकाश रासमेरिया द्वारा नारही ग्राम पंचायत में गरीबों की मजदूरी पर डाका डालकर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य को मजदूरों से ना कराकर जेसीबी मशीनों द्वारा दिनदहाड़े करवाया जा रहा है। बही नारही पंचायत के सरपंच एवं सचिव की धाक जमकर पेल रहे हैं। तलैया में निर्माण कार्य पंचायत के कर्ताधर्ताओं के द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिसकी सुध लेने बाला कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिसमें सरपंच खुद जेसीबी मशीन चलवाते हुए दिख रहे है एवं ग्राम पंचायत नारही के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं वह पूरी तरह घटिया हुए उन निर्माण कार्य में रेत की जगह मुरम का उपयोग किया गया है एवं फर्जी मस्टर भरकर अवैध रूप से लाखों की राशि हड़प कर ली सरपंच सचिव ने एवं खास बात यह है कि मामले की जानकारी करैरा के जनपद पंचायत के आला अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी है लेकिन भ्रष्ट सरपंच सचिव पर अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं करैरा जनपद पंचायत के आला अधिकारियों की मिलीभगत भी इस भ्रष्टाचार में हो सकती है ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में सरकार से मिलने वाली जन हितेषी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हम लोगों को जब मिल पाता है जब हमें सरपंच सचिव को मोटी रिश्वत देनी पड़ती इसके बाद हमें लाभ मिल पाता अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्ट सरपंच सचिव पर क्या कार्यवाही करते हैं या फिर कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डाल दी जाएगी।

**पंचायत के पूरे गांव में जगह-जगह कीचड़ व फैलीं गंदगी**-एक तरफ सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत मध्य-प्रदेश में स्वाच्छ भारत बनाने में लगीं हुई है। लेकिन इधर सरपंच एवं सचिव पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सफाई के नाम पर फर्जी राशि निकाल कर अपनी जेमे भर रहें हैं।और अपने घर पर निजी निर्माण कार्य कर रहे। हालात यह है कि गांव में कीचड़ है, और मुख्य रास्ते भी गंदगी से सने हुए हैं। सफाई के नाम पर पूरे गांव में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है। नारही गांव के ग्रामीण कीचड़से गुजरना पड़ रहा है जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़रहा । बही स्कूली बच्चे भी निकलने में मजबूर है, कई बार तो फिसल कर चोटिल हो चुके हैं ।



## राज्य विमुक्त घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड जनजाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-राज्य विमुक्त घुमक्कड़ अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति विकास अभिकरण भोपाल के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) बाबूलाल बंजारा ने जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को जिला अधिकारियों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग निकिता तामरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। राज्य विमुक्त घुमक्कड़ अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति विकास अभिकरण भोपाल के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) बाबूलाल बंजारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विमुक्त घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड जनजाति समुदाय के लोगों का शिक्षा का स्तर अभी भी कम है, इनको शिक्षित किए जाने के लिए अधिकारी प्रयासरत रहें और जमीनी स्तर से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सुलभ कराई जाए। इस दौरान उन्होंने जिले में जनजाति समुदाय के कितने लोगों को किन-किन योजनाओं में लाभ दिया गया है, इसकी जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि उद्योग आदि से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी इन समुदाय के लोगों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जाए। इनके लिए आबादी क्षेत्र बनाए जाए, शासकीय भूमि में इनकी बसाहट की व्यवस्था की जाए। भूमि के पट्टे, राशनकार्ड की व्यवस्था, पेंशन सुविधा, मझरा, टोला, गांव में नल-जल योजना का लाभ सहित अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जाए। उन्होंने बताया कि घूमंतू सेवा एप से भी आमजन अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## व्यापारियों के साथ बैराड़ थाना प्रभारी ने थाने पर की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की चर्चाएं

**पुष्पांजलि टुडे सेसे सतीश परिहार**

बैराड़ । खबर बैराड़ से है जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के बैराड़ नगर के समस्त व्यापारियों के साथ बैराड़ थाना में पदस्थ नवीन थाना प्रभारी मनोज सिंह राजपूत के द्वारा बैराड़ थाने में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी त्यौहार एवं बाजार व्यवस्था को लेकर चर्चाएं की गई। वही बैराड़ पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुधारने की बात कही गई है। एवं व्यापारियों को जो समस्या है उनका भी समाधान करने की बात कही है। साथ ही बैराड़ क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे कामों की जानकारी ली और बैराड़ नगर वासियों ने अपनी अपनी समस्याएं थाना प्रभारी मनोज सिंह राजपूत को सुनाई तो नवीन पदस्थ थाना प्रभारी ने जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया और कहां गया कि मैं काम पर विश्वास रखता हूं कहने पर नहीं जब मेरे द्वारा कोई अच्छे कार्य और अवैध कामों पर कार्रवाई करते हुए काम किए जाएंगे जो आपको खुद ब खुद दिख जाएंगे उसके बाद मुझे बताना और खास बात यह है कि मैं अकेला कुछ नहीं कर सकता मुझे सभी नगर वासी और क्षेत्र वासियों का सहयोग मिलता रहेगा तो मैं हर समस्या का समाधान करके दिखाऊंगा।

## बैराड़ के 2 नंबर कलारी पर आबकारी विभाग की टीम ने की तत्काल प्रभाव से जांच, नहीं मिली खामियां

**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**



बैराड़। बड़ी खबर शिवपुरी जिले के बैराड़ से है जहां पर बैराड़ नगर के बरोद रोड पर अवैध रूप से संचालित दो नंबर कलारी पर आबकारी विभाग के आबकारी जिला अधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल आबकारी व्रत प्रभारी पोहरी राहुल गुप्ता को टीम के साथ मौके पर जांच के लिए भेजा आबकारी विभाग की टीम ने पत्रकारों को भी मौके पर बुलाया और जांच की तो मौके पर कोई अवैध माल नहीं मिला न ही अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए कोई भी पाया गया और आबकारी विभाग राहुल गुप्ता ने खड़ा एक्शन लेते हुए बरोद रोड के निवासरत लोगों को बताया गया कि अगर किसी भी अनैतिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जाए तो हमें तत्काल सूचित करें और अवैध शराब बेचते हुए कोई पकड़ा गया तो आबकारी विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी जिसके बाद आवकारी विभाग की छापामार कार्यवाही में कोई भी खामियां न मिलने पर जांच करने के बाद आवकारी विभाग के अधिकारी वहां से रवाना हो गए।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया पोहरी रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास

## विभिन्न विभागों के 4541 लाख रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बस स्टैंड के पास स्थित पोहरी रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों के 4541 लाख रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी शहर के विकास के मार्ग ऐसे निरंतर दौ?ता रहेगा। विकास और प्रगति का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 10 वर्षों में 4 करोड घरों की सौगात गरीबों को प्राप्त हुई है। अगले 5 वर्षों में 3 करोड़घर गरीबों के लिए निर्मित किए जाएगें। भारत को विकासशील से विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। गरीबी मुक्त देश का लक्ष्य है। आयुष्मान से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, गरीबों को राशन पहुंचाया जा रहा है। किसान सम्मान निधि से सीधे किसान के खाते में 6 हजार रुपए की राशि पहुंचाई जा रही है। उज्जवला योजना से गैस चूल्हा मिलने से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली हैं।ल इस मौके पर ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न तोमर, पूर्व मंत्री सुरेश राठखे?ा, विधायक शिवपुरी देवेन्द्र जैन, विधायक पिछोर प्रीतम लोधी, विधायक करैरा रमेश खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, सीमा शिवहरे, जनपद अध्यक्ष हरवीर रघुवंशी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



**इन कार्यों का किया गया भूमिपूजन-** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान 4541.93 लाख रूपए की राशि के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें लोक निर्माण विभाग (सेतु) संभाग ग्वालियर के शिवपुरी- पोहरी -श्योपुर मार्ग पर 757.70 मीटर लम्बाई एवं 3423 लाख रूपए की राशि के शिवपुरी स्टेशन के पास आरओबी निर्माण कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के 466.83 लाख रूपए की राशि के पीएम जनमन अन्तर्गत 39 आंगनबाडी भवन, नगर पालिका परिषद शिवपुरी के 71.17 लाख रूपए की राशि के मनियर में ज्ञानी जाटव से काली माता मंदिर से होते हुए पाल मोहल्ला लालमाटी मुख्य मार्ग तक सीसी रोड कार्य, 6.44 लाख रूपए के फिजीकल रोड़से श्रीसाहव की कोठी तक सीसी रोड एवं नाली कार्य, 25 लाख रूपए के संजीवनी क्लीनिक कार्य एवं 500 लाख रूपए के मनियर तालाब रेन्यूवेशन कार्य, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के 49.49 लाख रूपए की राशि के संत शिरोमणि गुरूदेव श्री रविदास जी सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।




## वनमंडल विभाग ने अवैध चल रही अरा मशीनों को जप्त किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । वनमंडलधिकारी भिड़ मोहम्मद माज़ के मार्गदर्शन में उपवनमंडल अधिकारी भिड़ बहादुर सिंह गौड़,वन परिक्षेत्र अधिकारी भिड़ वसंत शर्मा,तहसीलदार लहार एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर करवायी की गई जिसमे मुन्ना कोरी निवासी ग्राम अखदेवा ,संतोष बिश्वकर्मा निवासी चोरई मोड़ एवं मल्लू प्रजापति निवासी लहार की अवैध आरा मशीनो को जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में परिक्षेत्रों सहायक रौन संजय तिवारी,वनपाल मनोज भदोरिया,हरीश सिंह भदौरिया, वनरक्षक पवन आर्य,सुभाष विजय,जितेंद्र यादव,जितेंद्र अगरैया आदि की सराहनीय भूमिका रही ।



# विमुक्त घुमन्तु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के कार्यालय का उद्घाटन लहार एसडीएम एवं कथावाचक अंजलि किशोरी के द्वारा किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शुक्रवार को विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति महासंघ के भिण्ड इकाई के द्वारा जगदीश गार्डन के सामने शांति विहार कॉलोनी में संगठन के कार्यालय का उद्घाटन लहार एसडीएम विजय यादव और कथावाचक शास्त्री अंजलि किशोरी के कर कमलों द्वारा किया हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लहार एसडीएम विशिष्ट अथिति कथावाचक शास्त्री अतिथि रामकृष्ण बघेल प्रदेश उपाध्यक्ष बदन सिंह बघेल प्रदेश सचिव जिला संरक्षक अरविन्द बघेल एवं जिले की समस्त इकाई के द्वारा सर्वप्रथम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चरणों में दीप प्रज्जबल किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन विकलांग बल के प्रदेश सचिव प्रोफेसर सौरभ बघेल के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप के द्वारा की गई । उद्घाटन समारोह के अवसर पर सामाजिक बंधुओ ने एसडीएम से अनुरोध किया की हमारे भिण्ड जिले मे घुमंतु अर्ध घुमंतु के जाति प्रमाण पत्र बनने मे बहुत ही दिक्कत आ रही है इस पर एसडीएम लहार ने कहा की शासन के निर्देश अनुसार अगर कोई प्रशासननिक अधिकारी पटवारी व सचिव प्रमाण पत्र बनाने आनाकानी करते है तो आप सभी संगठन के बन्धु कलेक्टर से समस्या समाधान हेतु निवेदन कर शिकायत करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शास्त्री अंजलि किशोरी ने कहा की हम सबको मातृशक्ति नारी का सम्मान करना चाहिए एवं अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए जिससे समाज ही नहीं संपूर्ण भारतवर्ष का विकास होगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम कृष्ण ने बताया की इस प्रमाण पत्र से सामाजिक बन्धुओ को अनगिनत लाभ मिल सकते है आप जागरूक होकर प्रणाम पत्र जरूर बनबाये। इसी क्रम मे प्रदेश सचिव बदन सिंह बघेल ने कहा हम सबको मिलकर प्रमाण पत्र के लाभ दिलाना है और सभी समाजिक बन्धुओ को इसके लाभ समझाने है । इसी क्रम मे जिला संरक्षक अरविन्द बघेल ने कहा की हम सब मिलकर एकता के सूत्र मे बाधे रहे जिसमे समाज और देश को आर्थिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम मे राजबीर बघेल कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुमित बघेल युवाशक्ति जिलाध्यक्ष मेघ सिंह बघेल राजकुमार बघेल डॉ अशोक पाल जिला मार्गदर्शक वीरेंद्र बघेल कोषाध्यक्ष सुनील बघेल राजबीर बघेल अनिल बघेल जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बघेल मिडिया प्रभारी गुलशन राहुल सहमिडिया प्रभारी विषम्भर बघेल मनीष बघेल संजीव बघेल हरिओम बघेल जिलामंत्री अनिल बघेल प्रमोद बघेल मनीष बघेल जिला सचिव विपिन बघेल जिला कार्यालय प्रभारी प्रेम सिंह नितेश युबा मंत्री अनूप युवाउपाध्यक्ष मोहर सिंह बघेल अहिवरण बघेल सुरेश बघेल प्रदीप बघेल आदि दो सैकड़ा से अधिक समाजिक बंधु उपस्थित रहे।



## विश्वास सारंग का बीनागंज में स्वागत

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

चाचौड़ा प्रदेश के सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग कल अपराह्न में जिले हुआ। इस दौरान चाचौड़ा विधायक प्रियंका के बीनागंज सिथत् जन सेवा केन्द्र पर भाजपा जनों द्वारा स्वागत किया गया। असल में प्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री कल सुबह भोपाल से रवाना होकर बीनागंज पहुंचे, विधायक के जन सेवा केन्द्र पर अनिरुद्ध सिंह मीना सहित भाजपा जनों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर उनके साथ राजगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक अमर सिंह यादव भी मौजूद रहे। इसके बाद श्री सारंग राधौगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए, जहां पर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे वापस भोपाल के लिए रवाना हो गए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति जनता का अटूट विश्वास जाग्रत हुआ है: डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मप्र सरकार में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पत्रकारवार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि पूरा देश चुनाव के मैदान में खड़ा है,जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के प्रति अटूट विश्वास जाग्रत हुआ है, और पूरा

### पत्रकार वार्ता में श्री देवड़ा ने कहा विकास और समृद्धि भारत को सिरमौर बनाने के लिए फिर बनेगी भारत में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार

मन बना लिया है कि फिर से देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने के लिए जनता जनार्दन ने पूरा मन बना लिया है,बस एक-दो दिन में आचार संहिता देश में लग जायेगी और लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो जायेगा, और अबकी बार केन्द्र में पुन~ तीसरी बार श्री मोदी की सरकार बनने जा रही है बस चुनाव के निर्णयों का इंतजार है इस देश की अर्थव्यवस्था से लेकर सुरक्षा तक सभी कठोर निर्णय मोदी सरकार ने लिये हैं, मँहगाई पर काबू पाने में भी मोदी सरकार सफल रही है,और विश्वगुरू बनने की कगार पर देश फिर से खड़ा हो गया है।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सर्किट हाउस में मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि विकास कार्यों पर जनता के बीच खरा उतरने का प्रयास सरकारों को करना चाहिए,ये काम उन्हीं का होता है लेकिन काँग्रेंस की सरकारों ने जनता के वोट को प्राप्त करने के बाद भारत के विकास और प्रगति के लिए नहीं सोचा। गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा की केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानववाद के विचारों और अन्तयोदय के सपनों को साकार कर रही है। और राष्ट धर्म का पालन कर रही है। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा है कि आजादी के 75 वर्षो में काँग्रेंस की सरकारों ने देश के परिवेश को दरकिनार किया है।

उन्होंने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चाहते थे कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ उनका विकास हो और वह आत्म निर्भर बनें,उन्होंने कहा श्री मोदी का मूल मंत्र है कि अंतिम के छोर पर खड़े




व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, लाखों परिवार जनों को काँग्रेंस की सरकार ने चिंता नहीं की, पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पाई, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तौर पर जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी पहुँचाने का कार्य नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों को साकार करने का काम अगर किसी ने किया है तो वो मोदीजी की सरकार ने किया है। उनकी विचारधारा की सोच है कि गरीब से गरीब व्यक्ति को विकास की दिशा से जोड़ा जाये जिसमें उसे सर्वजातीय समाज के व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कराया है। आज उनके पक्के मकान, घर-घर में शौचालय, महिलाओं के लिए उज्जवला योजना के तहत घर-घर गैस सिलेण्डर व आयुष्मान योजना के तहत गरीब से गरीब मरीज को अच्छा इलाज मिल रहा है और से पाँच लाख तक का इलाज कराकर उनके जीवन को बदला। उन्होंने कहा कि काँग्रेंस के राज में देश की सुरक्षा खतरे में हुआ करती थी और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कठोर निर्णयों के साथ पाकिस्तान के अंदर सर्जीकल स्ट्राइक करने के बाद पाकिस्तानों को करारा जबाब दिया और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में मोदी जी की सरकार ने किया। मोदी जी की दृढ़ इच्छा के साथ जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाकर व 35 एस हटाकर एक समान नागरिकता के साथ कानून बनाकर कश्मीर की दिशा व दशा का बदलने का कार्य किया है,एवं मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक कानून बनाकर उनको न्याय दिलाने का कार्य किया। अयोध्या में राम मंदिर बनाकर देश की आस्था का प्रतीक बनाया। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने का हमारा एक ही उद्देश्य है कि 2047 तक विकसित भारत विश्व गुरू की और स्थापित करना और भारत हमारा सिरमौर बनें यह मोदी जी की कल्पना है। और अबकी बार 400 पार में हम सब संगठित होकर तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के बाद नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। प्रेसवार्ता में भिण्ड-दतिया प्रत्याशी सांसद श्रीमती संध्या राय,मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया एवं सदर विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह भाजपा,लोकसभा चुनाव संयोजक अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना भदौरिया मंचासीन रहीं।

# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा



**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**



**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

▸ आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।

▸ आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।

▸ आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

▸ हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।

● कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।

● छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।

● एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।

▸ हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।

▸ काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपक?ी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।

▸ ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।

▸ सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।

▸ आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

# सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



# ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

**जाड़े** की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं।

जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकरार रहेगी।

# आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

# सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



## ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की नियमित जनसुनवाई आज नहीं होगी



**महेन्द्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी आवास पर बी-38 पर होने वाली जनसुनवाई इस शनिवार को नहीं होगी। इस सम्बन्ध में खुद ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक संदेश के जरिए सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा है कि मैं क्षमाप्रार्थी हूँ कि प्रवास पर होने के कारण शासकीय कार्यालय बी-38 पर शनिवार को होने वाली जनसुनवाई निरस्त की जा रही है।

## संकल्प प्रोजेक्ट में खरगोन जिला शामिल नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने होंगे विशेष प्रयास



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

भारत सरकार द्वारा संकल्प प्रोजेक्ट के अंतर्गत नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने के लिए पूरे भारत में 10 जिलों का चयन किया गया है। जिसमे खरगोन जिला भी शामिल है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार से टास्क फोर्स मेंबर डॉक्टर रमेश अग्रवाल 3 साल के प्रोजेक्ट की रणनीति बनाने खरगोन पहुंचे है। डॉ अग्रवाल ने 15 मार्च को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा से भेंट कर जिले में नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम एस सिसोदिया, आरबीएसके के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले व्यवसायियों के लिए रजिस्टेऊशन व लायसेंस बनवाना अनिवार्य

### रजिस्ट्रेशन/लायसेंस नहीं होने पर होगी जुर्माने की कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 के अंतर्गत खरगोन जिले के सभी खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले व्यवसायियों के लिए रजिस्टेऊशन व लायसेंस बनवाना अनिवार्य है। बिना लायसेंस, रजिस्टेऊशन (पंजीयन) के खाद्य कारोबार करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन है। बिना लायसेंस, रजिस्टेऊशन (पंजीयन) के खाद्य कारोबार करने पर खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 की धाराओं के तहत जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। खरगोन जिले के समस्त खाद्य व्यवसायी से अपील की गई है कि अपने विक्रय प्रतिष्ठानों का खाद्य पंजीयन व खाद्य लाईसेंस, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अवश्य बनवा लेवें। समस्त खाद्य व्यापारी एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से विभाग की वेब साईट पर खाद्य रजिस्टेऊशन/खाद्य लायसेंस के लिये आवेदन आनलाईन करा सकते हैं। आवेदन करते समय खाद्य व्यवसायी अपने साथ वोटरकार्ड, आधारकार्ड या ड्राईविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि दस्तावेज अवश्य रखें। खाद्य व्यापारी खाद्य लायसेंस/खाद्य पंजीकरण की राशि ऑनलाइन जमा की जाती हैं। आवेदन आनलाईन जमा कराने के पश्चात खाद्य व्यवसायी अपने ई-मेल आई डी पर अपना खाद्य लायसेंस, खाद्य पंजीकरण की प्रति प्राप्त कर सकते है। खाद्य व्यवसायी जिनका वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख रुपयों के अंदर है,उनका खाद्य रजिस्टेऊशन (पंजीकरण) होगा एवं जिनका वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख रुपयों से उपर या अधिक है उनका खाद्य लायसेंस बनेगा। खाद्य व्यवसायी अपनी सुविधा अनुसार अधिकतम 5 वर्ष तक के लिये अपना खाद्य लायसे।

## सोशल मीडिया पर विदेशी महिला के चंगुल में फंसा रिटायर्ड इंजीनियर, लालच में आकर गंवाए लाखों रूपए

मध्यप्रदेश के ग्वालियर से ठगी का नया मामला सामने आया है। एक रिटायर्ड इंजीनियर ने लालच में आकर लाखों रूपए का नुकसान कर लिया है। बता दें कि रिटायर्ड इंजीनियर की सोशल मीडिया प्लेफार्म फेसबुक पर एक विदेशी महिला से दोस्ती हुई। जिसके चंगुल में फंसकर उन्होंने लाखों रूपए का नुकसान करवा लिया। इसके बाद इसकी शिकायत ग्वालियर क्राइम ब्रांच में की गई है।

**कैसे जाल में फंसे रिटायर्ड इंजीनियर** –सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से रिटायर्ड इंजीनियर विजय कुमार ने बताया कि उनकी दोस्ती डॉ लौरा एल्विस से फेसबुक पर हुई। उसने बताया कि वो इंग्लैंड की एक फार्मा कंपनी में काम करती है। उसकी कंपनी मोटापा कम करने की दवाई बनाती है।इसपर लौरा का कहना था कि मोटापे की दवाई तैयार करने में हर्बल दवाई का प्रयोग किया जाता है।जो कि भारत में मिलता है। उनका एक सप्लायर इंडिया से हर्बल दवाई सप्लाई करता था। लेकिन उसकी डेथ हो जाने के कारण अब ने सप्लायर की तलाश है।डॉ लौरा ने विजय कुमार से कहा कि मोटा पैसा कमाना है तो वह इस कंपनी का सप्लायर बन सकते हैं। उसने आगे कहा कि कंपनी को जो मटेरियल चाहिए वो हैदराबाद में मिलता है। इसके लिए पहले उसका सैंपल भोजना होगा।जिसे कंपनी का कोई सदस्य आकर देखेगा और अगर प्रोडक्ट पसंद आएगा तो उसे कंपनी सप्लायर बना लेगी।

## विमुक्त घुमन्तु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के कार्यालय का उद्घाटन लहार एसडीएम एवं कथावाचक अंजलि किशोरी के द्वारा किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शुक्रवार को विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति महासंघ के भिण्ड इकाई के द्वारा जगदीश गार्डन के सामने शांति विहार कॉलोनी में संगठन के कार्यालय का उद्घाटन लहार एसडीएम विजय यादव और कथावाचक शास्त्री अंजलि किशोरी के कर कमलों द्वारा किया हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लहार एसडीएम विशिष्ट अथिति कथावाचक शास्त्री अतिथि रामकृष्ण बघेल प्रदेश उपाध्यक्ष बदन सिंह बघेल प्रदेश सचिव जिला संरक्षक अरविन्द बघेल एवं जिले की समस्त इकाई के द्वारा सर्वप्रथम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चरणों में दीप प्रज्जबल किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन विकलांग बल के प्रदेश सचिव प्रोफेसर सौरभ बघेल के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप के द्वारा की गई ।उद्घाटन समारोह के अवसर पर सामाजिक बंधुओ ने एसडीएम से अनुरोध किया की हमारे भिण्ड जिले मे घुमंतु अर्ध घुमंतु के जाति प्रमाण पत्र बनने मे



बहुत ही दिक्कत आ रही है इस पर एसडीएम लहार ने कहा की शासन के निर्देश अनुसार अगर कोई प्रशासननिक अधिकारी पटवारी व सचिव प्रमाण पत्र बनाने आनाकानी करते है तो आप सभी संगठन के बन्धु कलेक्टर से समस्या समाधान हेतु निवेदन कर शिकायत करें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शास्त्री अंजलि किशोरी ने कहा की हम सबको मातृशक्ति नारी का सम्मान करना चाहिए एवं अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए जिससे समाज ही नहीं संपूर्ण भारतवर्ष का विकास होगा।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम कृष्ण ने बताया की इस प्रमाण पत्र से सामाजिक बन्धुओ को अनगिनत लाभ मिल सकते है आप जागरूक होकर प्रणाम पत्र जरूर बनबायेइसी क्रम मे प्रदेश सचिव बदन सिंह बघेल ने कहा हम सबको मिलकर प्रमाण पत्र के लाभ दिलाना है और सभी समाजिक बन्धुओ को इसके लाभ समझाने है ।इसी क्रम मे जिला संरक्षक अरविन्द बघेल ने कहा की हम सब मिलकर एकता के सूत्र मे बाधे रहे जिसमे समाज और देश को आर्थिक लाभ मिलेगा।कार्यक्रम मे राजबीर बघेल कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुमित बघेल युवाशक्ति जिलाध्यक्ष मेघ सिंह बघेल राजकुमार बघेल डॉ अशोक पाल जिला मार्गदर्शक वीरेंद्र बघेल कोषाध्यक्ष सुनील बघेल राजबीर बघेल अनिल बघेल जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बघेल मिडिया प्रभारी गुलशन राहुल सहमिडिया प्रभारी विषम्भर बघेल मनीष बघेल संजीव बघेल हरिओम बघेल जिलामंत्री अनिल बघेल प्रमोद बघेल मनीष बघेल जिला सचिव विपिन बघेल जिला कार्यालय प्रभारी प्रेम सिंह नितेश युबा मंत्री अनूप युवाउपाध्यक्ष मोहर सिंह बघेल अहिवरण बघेल सुरेश बघेल प्रदीप बघेल आदि दो सैक?ा से अधिक समाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## वनमंडल विभाग ने अवैध चल रही अरा मशीनो को जप्त किया




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । वनमंडलधिकारी भिड़ मोहम्मद माज़ के मार्गदर्शन में उपवनमंडल अधिकारी भिड़ बहादुर सिंह गौड़,वन परिक्षेत्र अधिकारी भिड़ वसंत शर्मा,तहसीलदार लहार एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर करवायी की गई जिसमे मुन्ना कोरी निवासी ग्राम अखदेवा ,संतोष बिश्वकर्मा निवासी चोरई मोड़ एवं मल्लू प्रजापति निवासी लहार की अवैध आरा मशीनो को जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में परिक्षेत्रों सहायक रौन संजय तिवारी,वनपाल मनोज भदोरिया,हरीश सिंह भदौरिया, वनरक्षक पवन आर्य,सुभाष विजय,जितेंद्र यादव,जितेंद्र अगरैया आदि की सराहनीय भूमिका रही ।

## उड़ीसा से 2 लाख का गांजा लेकर आया तस्कर, सप्लाई से पहले ही पुलिस के हत्थे चड़ा

ग्वालियर पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे कब्जे से 2 लाख रुपये का गांजा जब्त किया है, पुलिस पूछताछ में पता चला है कि तस्कर उड़ीसा से बोरी में भरकर गांजा बेचने के लिए ग्वालियर लाया था, लेकिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उस सप्लाई होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया।

**मुखबिर ने पुलिस को दी गांजा तस्कर की सूचना** – पड़ाव थाना टी आई इला टंडन ने बताया कि पुलिस अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, पुलिस ने ऐसे तस्करों के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत कर रखा है, इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोई तस्कर ट्रेन से गांजा लेकर



आया है और **प्लेटफॉर्म नम्बर 4 पर बैठकर ग्राहक का इन्तजार कर रहा है।**– सूचना मिलते ही पुलिस पार्टी को प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर भेजा वहां एक संदिग्ध व्यक्ति प्लास्टिक के दो बोरों के साथ दिखा, उसने पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की जिसे पुलिस ने पकड़ लिया, पुलिस ने उसके पास से मिले बोरों को खोला तो उसमें गांजा भरा हुआ था पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई।

**गांजे की कुल कीमत 2 लाख रुपये** –तौल कराने पर गांजा का वजन 18 किलो 600 ग्राम निकला जिसकी कीमत 2 लाख रुपये बताई गई है, पुलिस ने बताया कि शुरूआती जाँच में अभी ये पता चला है कि आरोपी उड़ीसा से ग्वालियर में गांजा बेचने के लिए ट्रेन से आया था पुलिस उससे ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वो किससे गांजा लाया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

## एमपी में तेजी से बढ़े हवाई यात्री, 81 प्रतिशत फुल रही फ्लाइट्स

ग्वालियर एयरपोर्ट की ओर से फरवरी माहिने के यात्रियों के आवागमन का आंकड़ा जारी किया गया है, जिसमें मुंबई के लिए चलने वाली फ्लाइट में 81 प्रतिशत तक सीटें भरी गई है। इसी तरह इंदौर के लिए यह आंकड़ा 73 प्रतिशत तक रहा है। लगातार दो महीने से मुंबई के यात्री तेजी से बढ़े है।ग्वालियर से लगातार हो रहे यात्री के हवाई सेवाओं के विस्तार के चलते अब कुछ शहरों के लिए ट्रैफिक लोड में अच्छा रिस्पांस आ रहा है। पहले बेंगलुरु के फ्लाइट लिए अधिक संख्या में यात्री मिलते थे और अब मुंबई और इंदौर जैसे शहरों के लिए फ्लाइट में लोड बढ़ गया है।

**2 फ्लाइट होने से यात्रियों की संख्या बढ़ीं**–शहर की सबसे पुरानी फ्लाइट मुंबई की ही है। अकासा एयरलाइंस ने मुंबई के लिए 26 फरवरी से फ्लाइट शुरू की थी। मुंबई के लिए दो फ्लाइट होने के कारण लगातार दो महिने से मुंबई के यात्री की संख्या तेजी से बढ़े है। कुछ समय पहले तक दिल्ली जाने वाले यात्रियों का लोड अच्छा मिल रहा था। जिसका एक कारण यह भी है कि दिल्ली से कई शहरों की फ्लाइट यात्रियों को मिलती है।

एयर टर्मिनल बनने के बाद रिस्पांस भी बढ़ानया एयर टर्मिनल बनने के बाद फ्लाइट की संख्या बढ़ी है, इसका असर यह रहा कि यात्रियों का अच्छा रिस्पांस मिलने लगा है।

## नई कलेक्टर का एक्शन, अवैध उत्खनन में शामिल 1 जेसीबी, 4 डम्पर, 5 ट्रैक्टर व एक लोडर सहित 10 वाहन जब्त

क्मध्य प्रदेश के सख्त निर्देश के बाद भी माफिया द्वारा खनिज पदार्थो का अवैध उत्खनन उत्खनन जारी है, ग्वालियर जिले की कमान सँभालने वाली कलेक्टर रुचिका चौहान ने चार्ज लेने के दो दिन बाद अपने तेवर दिखाए और एक संयुक्त टीम बनाकर अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की, उन्होंने पहली ही बैठक में अवैध उत्खनन के खिलाफ विशेष मुहिम चलाने के निर्देश दिए थे।

नई कलेक्टर का एक्शन, अवैध उत्खनन में शामिल 1 जेसीबी, 4 डम्पर, 5 ट्रैक्टर व **एक लोडर सहित 10 वाहन जब्त**–जिला प्रशासन का एक्शन अवैध उत्खनन में लिप्त 10 वाहन जब्त

कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर आज जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर मुरम के अवैध उत्खनन में लिप्त एक जेसीबी, चार डम्पर, पाँच ट्रैक्टर व एक लोडर सहित कुल 10 वाहन जब्त किए हैं। साथ ही खनिज अधिनियम के तहत पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं।

नई कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम ने मऊ-विक्रमपुर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध उत्खनन करते पाए गए 10 वाहन जब्त किए हैं। जब्त किए गए वाहनों को पुलिस थाना महाराजपुरा में पुलिस अभिरक्षा में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के लिये गई संयुक्त टीम ने एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह, एसडीएम मुरार अशोक सिंह चौहान, खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया, सहायक खनिज अधिकारी राजेश गंगेले व घनश्याम सिंह यादव एवं संबंधित तहसीलदार,



आरआई, पटवारी एवं पुलिस बल शामिल था।

**आरोपियों पर पुलिस में एफआईआर दर्ज, जब्त वाहन होंगे राजसात**– जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ विशेष मुहिम लगातार जारी रहेगी। अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम एवं शासन के अन्य प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अवैध उत्खनन करते हुए जो वाहन जब्त होंगे उन्हें विधिक प्रक्रिया के अनुसार राजसात करने की कार्रवाई भी की जायेगी।

**ग्वालियर में बड़े स्तर पर होता है अवैध उत्खनन कारोबार** –गौरतलब है कि ग्वालियर जिले में अवैध खनिज उत्खनन के साथ साथ अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध मुरम उत्खनन और अवैध रेत उत्खनन का कारोबार बहुत होता है, हालाँकि जिला प्रशासन ने छापामार कार्रवाई करता है लेकिन अफसरों की मिलीभगत से ये व्यापार बेड़ौड़ चलता है , अब नई कलेक्टर रुचिका चौहान ने सोमवार को चार्ज सँभालने के तीसरे ही दिन आज अपने इरादे माफिया को बता दिए हैं अब उम्मीद की जा सकती है कि ग्वालियर जिले की खनिज संपदा सुरक्षित रहेगी ।

## दोस्त ने साथ चलने से इनकार किया तो गोलियां चलाकर फैलाई दहशत



ग्वालियर। ग्वालियर में अब हवाई फायर और शादी व अन्य आयोजनों पर हर्ष फायर करने वालों की खैर नहीं। इन पर सख्ती होगी, क्योंकि अब इन पर गोली चलाने पर सामान्य धाराओं में नहीं बल्कि हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज होगी।ऐसा पहला मामला गुरुवार को उपनगर ग्वालियर में सामने आया। जब दोस्त के साथ युवक ने चलने से इनकार किया तो उसके दोस्तों ने गुस्से में गोलियां चलाकर दहशत फैला दी। एसपी धर्मवीर सिंह यादव को जैसे ही इस घटना के बारे में पता लगा तो उन्होंने तुरंत आरोपितों को पकड़वाया, इस मामले में हत्या के प्रयास की एफआइआर भी दर्ज कराई। अब यह दोनों आरोपित जेल भेजे जाएंगे।

**यह है मामला**–उपनगर ग्वालियर स्थित गुदड़ी मोहल्ले में रहने वाले गौरव शर्मा के दोस्त रोहित जोशी और रिंका दोपहर में उसके घर पहुंचे थे। वह उसे साथ ले जाना चाहते थे, लेकिन उसने इनके साथ जाने से इनकार कर दिया। इस पर दोनों ने गोलियां चला दी। इन दोनों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी और भाग निकले। गौरव ने पुलिस को सूचना दी।

**दो घंटे बाद ही गिरफ्तार**– दोस्त ने साथ चलने से इनकार किया तो गोलियां चलाकर फैलाई दहशत

इस घटना के बारे में जब एसपी धर्मवीर सिंह यादव को पता लगा तो उन्होंने तुरंत सीएसपी शुभा श्रीवास्तव और थाने की फोर्स को साथ भेजा। आरोपितों की तलाश की गई। महज दो घंटे बाद ही आरोपितों को पकड़ लिया गया। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए और हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज कराई। अब यह दोनों आरोपित जेल भेजे जाएंगे।शहर में आएदिन गोलीबारी की घटनाएं होती हैं। इस मामले में पुलिस आइपीसी की धारा 336 के तहत एफआइआर दर्ज करती है। इसके चलते आरोपी पक्ष को थाने से ही जमानत मिल जाती थी। इस वजह से गोली चलाने का दुस्साहस लोग आसानी से कर लेते थे। इस वजह से एसपी यादव ने यह कदम उठाया। अब अगर गोली चलाई या हर्ष फायर किया तो सीधे हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज होगी।

**इनका कहना है**–शहर में अगर किसी ने गोली चलाई तो सीधे हत्या के प्रयास की एफआइआर होगी। गोलीबारी की घटनाओं को रोकने यह कदम उठाया है। इसमें थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं। इस तरह के मामलों में कोई जांच भी नहीं होगी, सीधे एफआइआर की जाएगी और जेल भेजा जाएगा।

## पड़ोसी राज्यों में छिपे अंचल के बदमाशों की सूची हुई जारी, 200 से ज्यादा गुंडे चिह्नित




ग्वालियर,। लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। अब सिर्फ आचार संहिता लगने का इंतजार है, इसके बाद पुलिस पूरी तरह से चुनावी मोड में आ जाएगी, इससे पहले पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च से लेकर चुनाव के दौरान माहौल बिगाड़ने वाले गुंडों तक को चिह्नित कर लिया गया है। पड़ोसी राज्य राजस्थान और उप्र के सीमावर्ती जिलों की पुलिस से उन बदमाशों की सूची साझा कर दी गई है, जो रहने वाले ग्वालियर के हैं, लेकिन चुनाव के दौरान पुलिस से बचने के लिए पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं।दूसरे राज्यों के बदमाशों की सूची भी ग्वालियर पुलिस को दी गई है। ग्वालियर के करीब 200 गुंडे ऐसे हैं, जिन पर जिला बदर, रासुका और अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद सक्सैना ने बताया कि चुनाव को लेकर अभी चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों की एक साथ बैठक की, अब आचार संहिता लगते ही सबसे पहले ग्वालियर जोन के अंतर्गत आने वाले जिले ग्वालियर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर की अलग-अलग बैठक कर चुनाव में सुरक्षा-व्यवस्था की पूरी प्लानिंग की जाएगी।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478